राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 09, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 27 जूलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

भारतीय सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान की गौरवगाथा विषय पर वेबिनार का आयोजन .... पेज 03

वैश्विक मंच पर दुनिया ने किया था भारत की सैन्य ताकत का अहसास: सीएम योगी .... पेज 05

चीन के किन गैंग के नाम को विदेश मंत्रालय की वेबसाइट से भी हटाया गया .... पेज 07

## ईडी डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- कार्यकाल 15 अक्टूबर तक बढ़ाएं

**एजेंसी**





नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) निदेशक संजय कुमार मिश्रा के सेवा विस्तार को अवैध करार देने और उनके कार्यकाल की सीमा 31 जुलाई 2023 तय करने के बावजूद केंद्र सरकार ने एक बार फिर उनका कार्यकाल बढ़ाने की गुहार लगाते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई की जाएगी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की गुहार पर इस मामले पर कल सुनवाई करने की सहमति व्यक्त की।

मेहता ने वर्तमान ईडी निदेशक मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर दायर एक आवेदन पर सुनवाई करने की गुहार विशेष उल्लेख के दौरान लगाई।

मिश्रा को बार-बार एक्सटेंशन (सेवा विस्तार) दिए जाने के खिलाफ एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की ओर से दायर जनहित याचिका पर बहस करने वाले वकील प्रशांत भूषण ने एक ट्वीट कर केंद्र की याचिका को 'बेतुका' बताया है।

गौरतलब है कि न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 11 जुलाई को श्री मिश्रा के एक-एक वर्ष के दो कार्यकाल विस्तार को अवैध करार दिया था। उन्हें 31 जुलाई तक हालांकि अपने पद पर बने रहने की मोहलत दी गयी थी।

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि व्यापक सार्वजनिक हित के मद्देनजर 31 जुलाई 2023 तक उन्हें (संजय कुमार मिश्र) वर्तमान पद पर बने रहने की अनुमति दी जाती है। यानी सरकार को इस पद पर किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति करने के लिए करीब 20 दिनों की अवधि की मोहलत दे दी थी।

पीठ ने हालांकि, केंद्र सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) अधिनियम 2021 और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) अधिनियम 2021 की वैधता को दी गई चुनौती को खारिज कर दिया था।

## दिल्ली-एनसीआर भारी बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से जमकर बारिश हो रही है। यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर 205.47 पर पहुंच गया है। राजधानी में मंडी हाउस से लेकर रिंग रोड तक और नोएडा के कई इलाकों में बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया है। इधर, यमुना के बाद हिंडन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नोएडा के आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। ग्रेटर नोएडा इलाके में बाढ़ के बीच 100 साल की बुजुर्ग अपने परिवार के साथ घर में फंस गई। उन्हें बाहर निकालने में दिक्कत आ रही थी। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने उन्हें रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। उत्तराखंड के धरासू में लैंडस्लाइड की वजह से ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर यातायात बंद कर दिया गया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में लैंडस्लाइड की घटना सामने आई है। हालांकि, किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। दक्षिणी राज्यों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में बारिश के चलते फ्लैश फ्लड जैसे हालात हो गए हैं। मंगलवार शाम तेलंगाना के महबूबनगर में दो टीनेजर लड़कियां नहर में बह गईं। खतरनाक हालात के चलते इन राज्यों में बुधवार और गुरुवार के लिए खतरे वाले क्षेत्रों के सभी स्कूल और कॉलेजों में आज छुट्टी कर दी गई है।

## भाजपा देश के नाम पर कीचड़ उछालने की कोशिश करती है : ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जितना अधिक भारत के बारे में बात करती है, उतना ही अधिक वे हमारे देश के नाम पर कीचड़ उछालने की कोशिश करती है। बनर्जी ने कहा, जितना अधिक भाजपा भारत के बारे में बात करती है, उससे अधिक वे हमारे देश के नाम पर कीचड़ उछालने की कोशिश करते हैं। हमें विश्वास होगा कि उन्हें भारत नाम और भी अधिक पसंद आ रहा है। उन्होंने ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री को धन्यवाद, मेरा मानना है कि उन्हें हमारे गठबंधन का नाम भारत पसंद है।

## कर्नाटक सरकार ने हिंसा को लेकर दर्ज मामलों की समीक्षा करने का दिया आदेश

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने अधिकारियों से डीजे हल्ली, केजी हल्ली, शिवमोग्गा तथा हुबली के साथ अन्य जगहों पर प्रदर्शन और हिंसा के मामले में गिरफ्तार हुए निर्दोष युवकों तथा छात्रों के मामले की समीक्षा करने को कहा है। परमेश्वर ने यह आदेश राज्य के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता तनवीर सैत की ओर से चिट्ठी लिखे जाने पर दिया है। श्री सैत ने अपने पत्र में मंत्री से निर्दोष युवकों तथा छात्रों के खिलाफ दर्ज मामलों की समीक्षा करने तथा उन्हें रद्द करने की अपील की है। उन्होंने प्रधान सचिव-कारागार, नागरिक रक्षा एवं सहकारी सेवा गृह विभाग को 19 जुलाई को चिट्ठी लिखी थी। इसके बाद मंत्री ने अधिकारियों ने मामलों की समीक्षा करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। परमेश्वर ने कहा, आग्रह किया गया है कि डीजे हल्ली, केजी हल्ली, शिवमोग्गा तथा हुबली के साथ अन्य जगहों पर प्रदर्शन और हिंसा को लेकर निर्दोष युवकों तथा छात्रों को झूठे मामले दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है तथा इन मामलों की समीक्षा करने के बाद कानून संगत कार्रवाई करने की अपील की गयी है।

## 'भारत मंडपम' राष्ट्र को समर्पित

### देश मेरे तीसरे टर्म में दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में शामिल होगा : मोदी





नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम नई दिल्ली में रीडेवलप किए गए इंटरनेशनल एग्जीबिशन-कम-कन्वेंशन सेंटर का इनॉगरेशन किया। इसका नाम भारत मंडपम रखा गया है।

सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। इससे पहले सुबह उन्होंने हवन और पूजा की थी। कन्वेंशन सेंटर का रीडेवलपमेंट 2,700 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है।

इस कन्वेंशन सेंटर में 9 और 10 सितंबर को 18वीं ल-20 बैठक होगी। सरकारी एजेंसी इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन यानी आईटीपीओ का यह कॉम्प्लेक्स 123 एकड़ में फैला है। आईईसीसी दुनिया के लीडिंग एग्जीबिशन और कन्वेंशन सेंटर्स में से एक है।

यह कॉम्प्लेक्स देश का सबसे बड़ा मीटिंग्स, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन सेंटर है।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, दुनिया सबसे बड़ा सोलर विंड पार्क, सबसे ऊंचा रेल ब्रिज, दुनिया की सबसे लंबी टनल, दुनिया की सबसे ऊंची मोटरेबल रोड, दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम, दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा, एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल रोड ब्रिज भारत में है। उन्होंने कहा, जल्द ही दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम भी बनने जा रहा है।

#### तीसरे टर्म में भारत की इकोनॉमी टॉप 3 में होगी

पीएम मोदी ने कहा कि तीसरे टर्म में दुनिया की पहली तीन इकोनॉमीज में एक नाम भारत का होगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 2024 के बाद तीसरे टर्म में देश की विकास यात्रा तेजी से बढ़ेगी। देशवासी अपने सपने अपनी आंखों के सामने पूरे होते देखेंगे।

#### सिडनी के ओपेरा हाउस से भी बड़ा है सेंटर

इसमें 7,000 से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता है और यह सिडनी के ओपेरा हाउस से भी बड़ा है, जहां 5,500 लोग बैठ पाते हैं। इस कन्वेंशन सेंटर में 3,000 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला एक एम्फीथिएटर भी है, जो तीन पीवीआर थिएटरों के बराबर है। मीटिंग रूम में 100 लोग एक साथ बैठ सकते हैं। 5,500 से ज्यादा वाहनों के लिए पार्किंग की जगह भी दी गई है।

#### दुनिया के टॉप 10 कन्वेंशन कॉम्प्लेक्स में शामिल

दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत का यह कन्वेंशन सेंटर दुनिया के टॉप 10 कन्वेंशन सेंटर्स में शामिल हो गया है। यह जर्मनी के हनोवर एग्जीबिशन सेंटर और शंघाई के नेशनल एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर को टक्कर देता है।

#### 2017 में शुरू हुआ था रीडेवलपमेंट

दिल्ली के प्रगति मैदान का रीडेवलपमेंट 2017 में शुरू हुआ था जसकी इनिशियल डेडलाइन 2019 थी।

हालांकि साइट पर काम हाल तक जारी रहा है। इस प्रोजेक्ट को राज्य के स्वामित्व वाली कंस्ट्रक्शन कंपनी NBCC (इंडिया) लिमिटेड एग्जीक्यूट कर रही है। IECC के अलावा, प्रोजेक्ट में नए एग्जीबिशन हॉल का कंस्ट्रक्शन भी शामिल है।

## मणिपुर पर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मंजूर

### सभी दलों से बातचीत के बाद बहस का वक्त तय करेंगे : स्पीकर



नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। जिसे लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने मंजूरी दे दी। दोपहर 12 बजे लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया।

स्पीकर ने नियमों के तहत 50 से ज्यादा सांसदों के समर्थन के बाद कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का समय सभी दलों से बातचीत के बाद तय करेंगे। हालांकि विपक्ष नारेबाजी करते हुए पीएम मोदी की मौजूदगी की मांग करने लगे। इसके बाद लोकसभा 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।

दोबारा कार्रवाई शुरू होने पर वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक पारित हुआ। हालांकि विपक्ष के हंगामे के चलते इसे गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में दोबारा कार्रवाई शुरू हुई। लेकिन विपक्षी सांसद लगातार वी वॉन्ट जस्टिस, पीएम मोदी जवाब दो... के नारे लगाते रहे। बाद में इसे दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

#### सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में मणिपुर पर चर्चा के लिए विपक्षी दलों को आमंत्रित करने के गृहमंत्री अमित शाह के पत्र का जवाब देते हुए सरकार पर आरोप लगाया है कि उसकी कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। खड़गे ने अपने पत्र में कहा, आपके पत्र में व्यक्त भावनाओं की कथनी और करनी में ज़मीन-आसमान का अंतर है। सरकार का रवैया आपके पत्र के भाव के विपरीत सदन में असंवेदनशील और मनमाना रहा है। यह रवैया पिछले कई सत्रों में भी देखने को मिला है।

## बिहार में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, एक की मौत, 2 गंभीर

### कटिहार में बिजली कटौती के विरोध में लोगों ने किया पथराव

**एजेंसी**

कटिहार। बिहार के कटिहार जिले में बिजली विभाग के खिलाफ उग्र प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने फायरिंग कर दी। इसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रदर्शनकारियों के पथराव में 12 से अधिक पुलिसकर्मी और बिजली कर्मचारी भी घायल हुए हैं।

पुलिस ने फायरिंग में एक ग्रामीण की मौत की पुष्टि की है।

उसका नाम बासल गांव निवासी खुर्शीद आलम (34) बताया गया है। वहीं, बारसोई निवासी सोनू शाह (22) और चापाखोड़ पंचायत नियाज आलम (32) की हालत नाजुक है।

हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस फायरिंग में 5 लोगों को गोली लगी है।

बारसोई अनुमंडल में बुधवार दोपहर 12: 30 बजे बिजली कटौती के खिलाफ एक हजार से अधिक लोग सड़क पर उतर गए। प्रदर्शनकारी बिजली दफ्तर का घेराव करने पहुंचे। प्राणपुर के बस्तौल चौक और बारसोई प्रखंड मुख्यालय का मेन रोड जाम करके लोग प्रदर्शन करने लगे।

इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहले लाठीचार्ज किया। उग्र भीड़ फिर भी नहीं मानी, तब पुलिस ने गोली चलाई।

#### अघोषित कटौती से परेशान थे लोग

बुधवार सुबह 5 बजे से 11 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के लिए बिजली आपूर्ति बाधित थी। इसके कारण लोग आक्रोशित हो गए थे।

## मणिपुर में म्यांमार बॉर्डर के करीब आगजनी और फायरिंग

### कांगपोकपी में भीड़ ने सुरक्षाबलों की दो बसें जलाईं, कोई हताहत नहीं



इंफाल। मणिपुर में म्यामांर बॉर्डर के करीब मोरे गांव के घरों में आगजनी और फायरिंग हुई। यह इंडिजिनस ट्राइबल्स लीडर्स फोरम ने यह जानकारी दी है। मोरे गांव म्यांमार बॉर्डर से लगा हुआ है। इसमें गांव में कुकी और मैतेई दोनों समुदायों के लोग रहते हैं। हालांकि, कुकी लोगों की संख्या ज्यादा है।

वहीं, कांगपोकपी जिले में भीड़ ने सुरक्षाबलों की दो बसें जला दीं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम को दो बसें दीमापुर से आ रही थीं। भीड़ ने उन्हें रोका और चेक किया कि उनमें विरोधी समुदाय के लोग तो नहीं हैं। इस बीच बसों में आग लगा दी गई। घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

इधर, कुछ आदिवासी स्टूडेंट्स ने मणिपुर यूनिवर्सिटी पर पहाड़ी इलाकों के छात्रों के बिना क्लासेस संचालित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसके विरोध में गुरुवार को लमका गवर्नमेंट कॉलेज में आंदोलन करने की बात कही है।

इधर, मणिपुर पुलिस ने कहा- सेना की बसें जलाने के आरोप में एक नाबालिग समेत 9 लोगों को अरेस्ट किया गया है। महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने के वायरल वीडियो वाले मामले में अब तक 07 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

#### मोरेह में भी आगजनी-हिंसा, कई घायल

मोरेह में बुधवार सुबह से कई घरों में आगजनी की गई। भीड़ ने खाली घरों को आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। मोरेह म्यामांर बॉर्डर से लगने वाला इलाका है।

यहां कुकी बहुल आबादी है, लेकिन मैतेई भी अच्छी तादाद में रहते आए हैं। बताया जा रहा है कि कुकी लोगों ने खाली मैतेई घरों में आग लगाई है। हिंसा में कई लोगों के घायल होने की खबर है। हालात काबू करने के लिए असम पुलिस, मोरेह पुलिस, सीडीओ और बीएसएफ तैनात है।



"सिंह ने एक ट्वीट कर कहा, बहुत जल्द पीड़ित परिवार राहत शिविरों से इन घरों में जा सकेंगे। राज्य सरकार हाल की हिंसा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए पहाड़ियों और घाटी दोनों में हर संभव उपाय कर रही है। मुख्यमंत्री ने पिछले महीने कहा था कि पूर्वोत्तर राज्य में जातीय संघर्ष के कारण अपना घर छोड़ने वाले लोगों के लिए तीन से चार हजार घर बनाएगी।"

#### पूर्वोत्तर राज्यों में हिंसा का असर

मणिपुर की हिंसा के बाद पूर्वोत्तर के अन्य राज्य भी जातीय हिंसा की चपेट में आ गए हैं। अब असम और मणिपुर के छात्र संघ ने मिजो लोगों को असम की बराक घाटी छोड़ने की नसीहत दी है। इससे दो दिन पहले मिजो संगठनों ने मैतेइयों को मिजोरम छोड़ने का अल्टीमेटम जारी किया था।

**ट्रिपल मर्डर**

### कोविड लॉकडाउन में फेसबुक पर प्यार हुआ था; घर से भागकर कोर्ट मैरिज की

## असम में शख्स ने पत्नी और सास-ससुर की हत्या की




गुवाहाटी। असम के गोलाघाट जिले में एक ट्रिपल मर्डर का खुलासा हुआ है। 25 साल के नाजीबुर रहमान बोरा ने अपनी पत्नी और उसके माता-पिता की हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने नौ महीने के बच्चे को गोद में लेकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। बता दें, दोनों की दोस्ती कोरोना लॉकडाउन के दौरान एक सोशल मीडिया के जरिए हुई थी।

पुलिस के अनुसार, मैकेनिकल इंजीनियर नाजीबुर और संघमित्रा की दोस्ती कुछ ही महीनों में प्यार में बदल गई और उसी साल अक्टूबर में दोनों भागकर कोलकाता चले गए। संघमित्रा के माता-पिता उसे वापस घर ले आए, लेकिन उसने पहले ही कोलकाता की अदालत में नाजीबुर से शादी कर ली थी।

#### दंपती को हुआ बेटा, चेन्नई भागे

अगले साल, संघमित्रा के माता-पिता संजीव घोष और जुनु घोष ने उस पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। संघमित्रा को गिरफ्तार कर लिया गया और एक महीने से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रखा गया। जमानत मिलने के बाद वह अपने माता-पिता के घर लौट आई। जनवरी 2022 में, संघमित्रा और नाजीबुर फिर से भाग कर चेन्नई चले गए, जहां वे पांच महीने तक रहे। जब दंपती अगस्त में गोलाघाट लौटी, तो संघमित्रा गर्भवती थीं। दंपती को पिछले साल नवंबर में उनका एक बेटा हुआ। चार महीने बाद, इस साल मार्च में, संघमित्रा ने अपने नवजात बेटे के साथ नाजीबुर का घर छोड़ दिया और अपने माता-पिता के घर चली गई। उसने नाजीबुर पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। नाजीबुर पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। 28 दिनों के बाद वह जमानत पर रिहा हुआ। जेल से बाहर आने के बाद नाजीबुर अपने बच्चे से मिलना चाहता था, लेकिन संघमित्रा के परिवार ने उसे मिलने नहीं दिया।

#### बेटे से नहीं मिलने दिया जा रहा था, गुस्से में की हत्या

दरअसल, 29 अप्रैल को नाजीबुर के भाई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें संघमित्रा और उसके परिवार के सदस्यों पर नजीबुर पर हमला करने का आरोप लगाया था। दोनों पक्षों के बीच मामला चरम पर पहुंच गया और नाजीबुर ने अपनी पत्नी संघमित्रा और उसके माता-पिता की हत्या कर दी। इसके बाद वह अपने नौ महीने के बच्चे को लेकर पुलिस थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया।

घोष के घर पर, संघमित्रा और उसके माता-पिता के शव खून से लथपथ पड़े हुए थे। असम पुलिस प्रमुख जीपी सिंह ने ट्वीट किया कि आरोपी के खिलाफ हत्या और घर में अतिक्रमण का मामला दर्ज किया गया है। इस जघन्य हत्याकांड की जांच के लिए राज्य सीआईडी टीम को लगाया गया है।

## शिमला के रामपुर में फटा बादल, कई मकान बहे, बगीचों को नुकसान



शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की सरपारा पंचायत के कंधार गांव में मंगनवार की रात दो बार बादल फटने से सेब के बगीचों और मकानों को नुकसान पहुंचा है। कई मकान बह गए हैं। मकानों में पानी घुस गया है। जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक करीब 20 भेड बकरियां और सात गायें सैलाब में बह गई। बाढ़ में सुरेन्द्र कुमार, विजय नंद, नरेन्द्र, मोहन और संगत राम के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। रामपुर के एसडीएम नीरज तोमर ने बताया कि नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। प्रभावितों को उचित राहत राशि मुहैया करवाई गई है। बेघर हुए लोगों के रहने का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस बीच प्रदेश में आगामी दिनों में भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है।

जानकारी के अनुसार, रामपुर उपमंडल की सरपारा पंचायत के कंधार गांव में देर रात दो बार बादल फटने से सेब के बगीचों और मकानों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ आने से प्राथमिक पाठशाला का भवन, युवक मंडल का भवन और अन्य लोगों के मकान बह गए हैं।

इससे पहले, हिमाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में सोमवार रात से जारी भारी बारिश ने तबाही मचाई है। कुल्लू जिले की गड़सा घाटी में मंगलवार तड़के बादल फटने से पंचा नाले और हुरला नाले में बाढ़ आ गई। इससे तीन मकान बह गए, जबकि दो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। 17 मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। तीन पैदल और एक वाहन योग्य पुल भी बह गए हैं। एक गाड़ी भी गड़सा खड्ड में बह गई। कुछ मवेशी लापता हैं।

नई दिल्ली
गुरुवार 27 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## मानसिक विकारों के उपचार की उपलब्धता और पहुंच को बढ़ावा: डॉ. पवार

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने बुधवार को कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य का अभिन्न अंग है क्योंकि यह जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करता है। डॉ. पवार ने यहां, संस्थानों की सीमाओं से परे मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का बहुत महत्व है। मानसिक विकार संबंधी लांछन को दूर करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता प्राप्त करने से रोकता है ।



## शार्ट न्यूज

### एसजीपीसी ने सिख संगठन से सिख अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र का अधिकार छीनने का किया विरोध

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दिल्ली विश्वविद्यालय समेत कुछ कॉलेजों में दाखिले के समय सिख अल्पसंख्यक छात्रों को दिल्ली कमेटी के बजाय दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग और कुछ सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के मुद्दे पर कड़ी आवाज उठाई है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा बुलाई गई बैठक में एसजीपीसी महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने तार्किक रूप से इस अधिकार को केवल सिख संगठनों के पास ही बनाए रखने की वकालत की है। ग्रेवाल ने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग द्वारा दिल्ली के शैक्षणिक संस्थानों द्वारा सिख अल्पसंख्यक कोटे के तहत प्रवेश के लिए प्रमाण पत्र जारी किये जाने के बाद राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने मीटिंग बुलाई। इस बैठक में शिरोमणि कमेटी की ओर से वह स्वयं और दिल्ली कमेटी की ओर से एडवोकेट कुलबीर सिंह और जसविंदर सिंह जॉली, सदस्य, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग अजितपाल सिंह बिंद्रा और कुछ अधिकारी शामिल हुए।

### हैंड कांस्टेबल पांच हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अजमेर जिले के श्रीनगर थाने के हैड कांस्टेबल जयपाल सिंह को बुधवार को एक मामले में पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) के अनुसार परिवादी ने ब्यूरो की अजमेर इकाई में शिकायत की कि उसके विरुद्ध दर्ज मामले में बंद करने की धमकी देकर हैड कांस्टेबल दस हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। इस पर ब्यूरो टीम ने सत्यापन के बाद हैड कांस्टेबल को परिवादी से पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने परिवादी से रिश्वत के पांच हजार रुपए पहले ही ले लिए थे जबकि आरोपी ने सत्यापन के दौरान भी परिवादी से दो हजार रुपए ले लिए। एसीबी के महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### मणिपुर हिंसा के विरोध में अलवर में कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च

अलवर। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मणिपुर हिंसा के विरोध में आज यहां पैदल मार्च निकाला गया। यह पैदल मार्च मोती डूंगरी चिल्ड्रन पार्क से शुरू हुआ जो मिनी सचिवालय पहुंचा और वहां केंद्र सरकार के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पैदल मार्च में केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली और शकुंतला रावत जिला अध्यक्ष योगेश प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर बात करते हुए मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर यह पैदल मार्च निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना बहुत निंदनीय है और जिस तरीके से बहन बेटियों के साथ दुष्कर्म और घटनाएं कारित हो रही हैं वह शर्मनाक है और भाजपा शासन की बात करती है और उसी के राज में ऐसी घटना हुई है ऐसे में राज्य मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार बहन बेटियों की इज्जत नहीं बचा सकते उन्हें सत्ता में रहने का हक नहीं है।

### सूचना केन्द्र में सज रही मेवाड़ की साहित्य गैलेरी

**उदयपुर।** मेवाड़ के साहित्यकारों द्वारा सृजित सर्जनाओं से स्थानीय युवा पाठकों एवं पत्रकारों को लाभांवित कराने के उद्देश्य से उदयपुर के सूचना केन्द्र में बनाई जा रही मेवाड़ के साहित्यकारों की साहित्य गैलेरी सज रही है। मेवाड़ के साहित्यकारों द्वारा लगातार इस मुहिम को समर्थन दिया जा रहा है और पुस्तकें भेंट की जा रही है। ख्यातनाम रंगकर्मी, नाट्य निर्देशक एवं भारतीय लोक कला मंडल के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने सूचना केन्द्र के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा को अपनी स्वयं की पुस्तकें, लोक कला मंडल की अर्द्धवार्षिक पत्रिका रंगायन की प्रतियां और कुछ अन्य रचनाओं को भेंट किया और इसे पाठकों के हित में उपयोग का आह्वान किया। डॉ. लईक हुसैन ने सूचना केन्द्र द्वारा प्रबुद्ध पाठकों के हितार्थ किए जा रहे साहित्यकारों की सर्जनाओं के संकलन के लिए शुभकामनाएं दी और अन्य साहित्यकारों को भी इसमें सहयोग का आह्वान किया। डॉ. शर्मा ने बताया कि मेवाड़ के एतिहासिक परिपेक्ष्य, कला-साहित्य और संस्कृति पर आधारित इस साहित्य रचनाओं से यहां के पाठकों को उपयोगी शोधपरक संदर्भ सामग्री प्राप्त हो सकेगी।

### सारण : छपरा जंक्शन पर ट्रेन से शराब बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के छपरा जंक्शन पर छपरा - दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन के साधारण श्रेणी के एक डब्बे से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 528 पीस टेट्रा पैक अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। रेलवे सुरक्षा बल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्ग से चलकर छपरा जंक्शन पहुंची ट्रेन संख्या 15160 सारनाथ एक्सप्रेस जब छपरा जंक्शन पहुंची तो रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के द्वारा ट्रेन के प्रत्येक डब्बे की जांच शुरू की गई। इसी दौरान साधारण श्रेणी के एक डब्बे में तीन लावारिस बोरा को देखने के बाद जवानों ने उस बोरा के सम्बन्ध में यात्रियों से पूछताछ की गई। जिसे किसी ने अपना नहीं बताया। सूत्रों ने बतायास कि इसके बाद उक्त बोरा को जब जवानों ने खोला तो उसमें से भारी संख्या में टेट्रा पैक शराब बरामद हुआ। जब्त शराब की कीमत लगभग 65 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में बरामद शराब को रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने अग्रेतर कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना पुलिस छपरा जंक्शन को सुपुर्द कर दिया है।

### औरंगाबाद : रेलवे ट्रैक पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आई दो महिला शिक्षिका, मौत

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में ट्रेन से कटकर दो महिला शिक्षिका की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया जिले के सदर प्रखंड के फेसर थाना अंतर्गत गम्हारी एवं आलमपुर जाने वाली सड़क के समीप रेलवे फाटक पूर्व की हैं। जहां बुधवार की सुबह यह हादसा हुआ। मृतकों में फेसर गांव निवासी मिथिलेश यादव की 48 वर्षीय पत्नी सविता कुमारी एवं गम्हारी गांव निवासी उदय रजक की 45 वर्षीय पत्नी मीरा कुमारी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों महिला गम्हारी मध्य विद्यालय में शिक्षिका थी। दोनों प्रतिदिन की तरह एक साथ विद्यालय पढ़ाने जाती थी। वैसे दोनों फेसर में ही रहती थी। बुधवार की सुबह दोनों स्कूल जाने के लिए एक साथ घर से निकली और उस जगह रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान अचानक दोनों तरफ से ट्रेन आ गई जिसके चपेट में आ कर उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया।

### झारखंड में प्रियदर्शी आलोक को बोकारो जिला का एसपी बनाया गया

रांची। झारखंड सरकार ने राज्य के सात भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का तबादला किया है। राज्य के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार रांची के ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित नौशाद आलम को साहिबगंज जिले का एसपी बनाया गया है। जबकि जैप 3 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित प्रियदर्शी आलोक को बोकारो जिला का एसपी बनाया गया है। अधिसचूना के अनुसार एसटीएफ एसपी के पद पर पदस्थापित अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर एसपी बनाया गया है। इसी प्रकार धनबाद ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित रीष्मा रमेशन को पलामू जिले का एसपी, नव प्रोन्नत प्रोन्नत आईपीएस दीपक कुमार शर्मा को गिरिडीह जिले का एसपी, नव प्रोन्नत आईपीएस डॉ विमल कुमार को सरायकेला-खरसांवा जिले का एसपी और नव प्रोन्नत आईपीएस पीतांबर सिंह खेरवार को दुमका जिले का एसपी बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे अधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया और उनका पदस्थापन नहीं किया गया है। वह पुलिस मुख्यालय झारखंड रांची में योगदान देंगे।

# उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सभी राजमार्गों और सड़कों से अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

## नैनीताल की डीएम वंदना और डीएफओ को नोटिस जारी कर जांच के साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में पूरे प्रदेश में राज मार्गों और सड़कों के किनारे सरकारी और वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सभी जिलाधिकारियों (डीएम) और प्रभागीय वनाधिकारियों (डीएफओ) को क्रियान्वयन रिपोर्ट भी चार सप्ताह में अदालत में पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने ये निर्देश



सड़क किनारे अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के बाद दिये हैं। दरअसल नैनीताल जनपद के पदमपुरी और खुटानी में सड़क किनारे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर प्रभात गांधी की ओर से हाईकोर्ट को एक पत्र लिखा गया था। उच्च न्यायालय ने इस पत्र का स्वत: संज्ञान लेते हुए एक जनहित याचिका दायर कर ली। पत्र में कहा गया है कि पदमपुरी और खुटानी में राज मार्ग के किनारे सरकारी और वन भूमि पर अतिक्रमण कर दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाये गये हैं। यहां तक कि मंदिर भी बनाया गया है। अदालत ने नैनीताल की डीएम वंदना और डीएफओ को नोटिस जारी कर जांच के साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दे दिये। साथ ही अदालत ने दोनों को चार सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट भी अदालत में पेश करने को कहा है। इसके अलावा अदालत ने इस मामले का वृहद संज्ञान लेते हुए सभी राजमार्गों और सड़कों से सरकारी और वन भूमि पर किये गये अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये हैं। अदालत ने सभी डीएम और डीएफओ को नोटिस जारी कर अविलंब अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा है।

## अंकिता हत्याकांड : आरोपी पुलकित आर्य की जमानत पर नहीं हो पायी सुनवाई

नैनीताल। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के जमानत प्रार्थना पत्र पर बुधवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई नहीं हो पायी। अब इस मामले में 10 अगस्त को सुनवाई होगी। दूसरी ओर से शिकायकतकर्ता और अंकिता के माता पिता की ओर से अधिवक्ता महेन्द्र सिंह पाल, एमसी पंत, नवनीश नेगी एवं पीएस सौन की ओर से वकालतनामा प्रस्तुत करने की मांग की गयी। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने सुनवाई के लिये 10 अगस्त की तिथि मुकर्रर कर दी है। मुख्य आरोपी पुलकित आर्य की ओर से उच्च न्यायालय में जमानत के लिये प्रार्थना पत्र पेश किया गया है। न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की पीठ में आज इस पर सुनवाई सुनिश्चित थी। आज सरकार की ओर से आरोपी की जमानत पर आपत्ति पेश की जानी थी। गौरतलब है कि अंकिता हत्याकांड का मुख्य आरोपी और वनंतरा रिसॉर्ट का मालिक पुलकित आर्य इन दिनों जेल में बंद हैं। एसटीएफ की ओर से उसे पिछले साल अक्टूबर में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलकित आर्य के सहयोगी अंकित गुप्ता और सौरभ भाष्कर भी सलाखों के पीछे हैं। वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्नसिष्ट के तौर पर तैनात अंकिता की पिछले साल सितम्बर में हत्या कर दी गयी थी। हत्या का आरोप पुलकित और उसके साथियों पर है। उसका शव चीला बैराज से बरामद हुआ था। यह भी आरोप है कि पुलकित उसे अनैतिक कार्य के लिये परेशान कर रहा था। इस घटना के प्रकाश में आने के बाद प्रदेश में ऊबाल आ गया था।

## जमुई : जंगल से आईईडी और पाइप बम बरामद

जमुई। बिहार के जमुई जिले में गरही थाना क्षेत्र के गिधेश्वर जंगल से आईईडी एवं दस पाइप बम को बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि जंगल में चलाए गए विशेष तलाशी अभियान में सुरक्षा बलों ने आईईडी एवं पाइप बम बरामद किया है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने इन बमों को लगाया था। सभी को सावधानीपूर्वक नष्ट कर नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया गया है। सूत्रों ने यहां बताया कि अधीक्षक शौर्य सुमन को गुप्त सूचना मिली की कि बिहार- झारखंड के स्पेशल एरिया कमेटी के माओवादी सदस्यों का जमावड़ा गिधेश्वर जंगल में लगा है। सूचना के बाद एसएसबी 16 वाहिनी के उप कमांडेंट और गरही थाना पुलिस ने गिधेश्वर के जंगलों में सर्च अभियान चलाया। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के द्वारा लगाए गए 10 पाइप बम और एक आईईडी जंगल से बरामद किया और उसे मौके से नष्ट कर दिया। आईईडी का वजन 10 किलो के करीब था। वहीं, पुलिस अधीक्षक (अभियान) ओंकारनाथ सिंह ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान बरामद किए गए पाइप बम और आईईडी को सुरक्षाबलों ने सावधानी पूर्वक नष्ट कर दिया।

## बैंक से पिस्तौल के बल पर 50 हजार रुपये की लूट

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले के सातरोड़ गांव में यूको बैंक में बुधवार दोपहर करीब एक बजे दो अज्ञात लुटेरे हथियार के बल पर 50 हजार रुपये की नकदी लूट कर फरार हो गये। पुलिस ने बताया कि पूरा घटनाक्रम बैंक के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना की सूचना मिलने पर सीआईए और सदर थाना पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची तथा बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज हासिल की। पुलिस का कहना है कि जल्द लुटेरों को पकड़ लिया जाएगा। मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश युवक करीब एक बजे यूको बैंक पहुंचे।

## पंजाब पुलिस द्वारा तीसरे दिन भी विशेष कार्यवाही जारी

# फरीदकोट रेंज में 79 लोग गिरफ़्तार

श्री मुक्तसर साहिब। पंजाब पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध शुरु किए अभियान के नतीजे सामने आने शुरू हो गए है क्योंकि ज़िला श्री मुक्तसर साहिब के नशों के लिए बदनाम दो इलाकों गाँव मिड्डा और मलोट के मोहल्ला छजघर के निवासियों ने नशे से दूर रहने का प्रण किया है। यह दोनों क्षेत्र हैरोइन, नशीली गोलियों सहित कई तरह के नशीले पदार्थों की तस्करी और प्रयोग के लिए बदनाम है।

यह प्रण पंजाब को नशा मुक्त और अपराध मुक्त राज्य बनाने के लिए पंजाब पुलिस द्वारा नशा तस्करों, समाज विरोधी अनसरों और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए





चलाई जा रही घेराबन्दी और तलाशी अभियान के चलते सामने आया है। अभियान के तीसरे दिन, पुलिस महानिरीक्षक (डीजीपी) गौरव यादव के दिशा- निर्देशों पर यह घेराबन्दी और तलाशी अभियान फरीदकोट रेंज के तीन जिलों फरीदकोट, मुक्तसर साहिब और मोगा में चलाया गया।

मुक्तसर पुलिस ने यह कार्यवाही सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक की गई ,जबकि फरीदकोट और मोगा पुलिस द्वारा यह छापेमारी दिन के समय पर की गई।

यह सारी कार्यवाही डीआईजी फरीदकोट रेंज अजय मलूजा की निगरानी में की गई और एसएसपीज़ को भारी पुलिस फोर्स तैनात करके उचित ढंग के साथ योजना बनाने के लिए कहा गया था।

स्पेशल डीजीपी ला एंड आर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 66 एफआईआर दर्ज करके 79 समाज विरोधी तत्वों को गिरफ़्तार किया है।

## कुछ संगठन दंगा मामले वापस लेने को सिद्दारमैया पर दबाव बना रहे हैं : बोम्मई

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को कहा कि कुछ संगठन मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर डीजे हल्ली और केजी हल्ली दंगों तथा आगजनी में राज्य के खिलाफ विद्रोह करने वालों के खिलाफ मामले वापस लेने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा,ऐसी जानकारी है कि कुछ संगठन मुख्यमंत्री पर मामले वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। उन्हें इस मामले पर स्पष्ट रुख बताना चाहिए। सिद्दारमैया को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या इन मामलों में शामिल लोगों को दंडित किया जाएगा या उनके खिलाफ मामले वापस लिए जाएंगे। बोम्मई ने आरोप लगाया कि इन ताकतों ने इस सरकार



को सत्ता में आने में काफी हद तक मदद की थी और अब इसकी आड़ में इसे चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा,राज्य सरकार को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए।

इससे पहले कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस विधायक तनवीर सेत ने गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर को पत्र लिखकर केजी हल्ली और डीजे हल्ली दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ मामले वापस लेने का अनुरोध किया था।

बोम्मई ने आरोप लगाया कि उन्हें रिहा करने से अपराधी केवल राज्य के खिलाफ विद्रोह करने के लिए प्रोत्साहित होंगे क्योंकि उन्हें वर्तमान कांग्रेस सरकार की ओर से सुरक्षा का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केजे हल्ली और डीजे हल्ली दंगों के मामले अपने हाथ में ले लिए हैं और इस बात के बहुत स्पष्ट सबूत हैं कि पीएफआई और एसडीपीआई इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा,जांच की गई है और आरोप पत्र भी दाखिल किया गया है। राज्य सरकार के पास एनआईए की ओर से जांच किए जा रहे अपराधियों के खिलाफ मामले वापस लेने की कोई शक्ति नहीं है।

## आंध्रप्रदेश: संदिग्ध चोरों ने महिला डॉक्टर की हत्या की

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम शहर में एक महिला डॉक्टर की उसके आवास पर संदिग्ध चोरों ने बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कृष्णा जिले के पुलिस उपाधीक्षक माधव रेड्डी ने मीडिया को बताया कि अज्ञात बदमाशों ने दिन में जुव्वारुपेट स्थित उनके आवास में महिला डॉक्टर मचरला राधा की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि बाल रोग विशेषज्ञ मचरला उमामहेश्वर राव और उनकी पत्नी मृतक मचरला राधा वेंकटेश्वर नर्सिंग होम चलाते है। डॉक्टर दंपत्ति नर्सिंग होम की पहली मंजिल पर रहते है। सुबह महिला डॉक्टर खून से लथपथ मिलीं। बदमाशों ने उनका गला रेत कर हत्या कर दी, सोने के आभूषण लूट लिए और भाग गए।

## गहलोत ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कारगिल विजय दिवस पर बुधवार को शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया।

गहलोत ने इस अवसर पर दुरूह भौगोलिक परिस्थितियों एवं विषम जलवायु में देश की रक्षा के लिए दुश्मन को परास्त करने वाले समस्त शहीद जवानों को नमन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण दिवस सदैव ही भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम एवं निष्ठा की वीरगाथा का साक्षी रहेगा।

इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें देश के उन वीर पुत्रों के साहस, शौर्य एवं बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने सीमाओं की सुरक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि इस मौके सभी



को भारत की अखण्डता को बरकरार रखने का संकल्प लेकर कारगिल के अमर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए। इसी प्रकार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी देश के गौरव के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देने वाले वीर शहीदों को कोटि कोटि नमन किया। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां भारती के वीर सपूतों के त्याग, समर्पण एवं बलिदान के लिए यह राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा।

## खडे ट्रक में भरे लाखो रूपए के टायर चोरी

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना इलाके में खड़े ट्रक से चोर लाखों रुपये कीमत के 30 बड़े टायर चुरा ले जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, आसींद थाने के सुराज गांव का निवासी धन्नालाल लौहार पेशे से ट्रक मालिक ट्रक में कल शाम करीब 4 बजे उदयपुर से अपोलो कंपनी के छोटे-बड़े 382 टायर भरकर मोखमपुरा अजमेर में खाली करने जाने के लिए रवाना हुआ। लेकिन दूसरे दिन ऑफिस बन्द होने के कारण लौहार टायरों से भरा अपना ट्रक अपने गांव सुराज ले गया। वह रात नौ बजे गांव पहुंचा। ट्रक को भैरू जी के स्थान पर खड़ा करने के बाद सो गया। सुबह उठा ओर ट्रक को चौक किया तो उसमें से लगभग 30 बड़े टायर गायब मिले। उसने गांव में आस-पड़ौस के लोगों से जानकारी करने का प्रयास किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। उसने गांव को एकत्रित कर पूछताछ की, लेकिन टायरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। लौहार ने आसींद थाने में रिपोर्ट दी। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध धारा 379 भादस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## पूर्व मंत्री गुढ़ा समर्थक नगर पालिका चेयरमैन निलंबित

**झुंझुनू।** विधायक राजेंद्र सिंह गुढ़ा को मंत्री पद से बर्खास्त करने के चार दिन बाद उनके समर्थक उदयपुरवाटी नगरपालिका के चेयरमैन रामनिवास सैनी को भी मंगलवार की शाम निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका उदयपुरवाटी के कई पार्षदों ने स्वायत शासनविभाग के निदेशक को पत्र लिखकर उदयपुरवाटी नगर पालिका में 2022 में नियम विरुद्ध भ्रष्टाचार करके चार बागवानों की अनियमित भर्ती करने का आरोप लगाया था। इस मामले की निदेशालय स्तर पर जांच करवाई गई। जांच अधिकारी ने उदयपुरवाटी नगर पालिका में वर्ष 2022 में चार बागवानों की भर्ती को पूरी तरह से गलत माना।

जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में टिप्पणी की है कि जिन चार पदों पर भर्ती की गई वे स्वीकृत ही नहीं थे। नगर पालिका अध्यक्ष रामनिवास सैनी ने मिलीभगत करके जिन चार लोगों को नियुक्ति दी वे रिश्तेदार हैं। भर्ती में नियमों की पालना नहीं की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अध्यक्ष सैनी को सुनवाई का अवसर देते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर उन्हें निलंबित किया गया।

डीएलबी डॉयरेक्टर ह्देश कुमार ने बताया कि नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 के तहत कर्तव्यों के निर्वहन एवं पद के दुरुपयोग पर राज्य सरकार ने प्रकरण की न्यायिक जांच करवाने का निर्णय लिया है। चेयरमैन रामनिवास सैनी द्वारा न्यायिक जांच को प्रभावित किए जाने की संभावना है। इसलिए नगर पालिका सदस्य व अध्यक्ष के पद से तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

नगर पालिका चेयरमैन रामनिवास सैनी पूर्व में भाजपा टिकट पर 1998 एवं 2003 में दो बार विधायक का चुनाव लड़ चुके हैं। 2010 में भाजपा की टिकट पर उदयपुरवाटी नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ कर हार चुके हैं।

सैनी ने उदयपुरवाटी विधायक राजेंद्र सिंह गुढ़ा से नजदीकी सम्पर्क बनाकर कर चुनाव लड़ा एवं जीत कर अध्यक्ष बन गये थे।

## संत रविदास की परिकल्पना के अनुरूप देश और प्रदेश में राज : शिवराज

सिंगरौली। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि संत शिरोमणि रविदास जी ने ऐसे राज की परिकल्पना की थी जहाँ हर व्यक्ति को भरपेट भोजन मिले और सभी का कल्याण हो और उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप देश और प्रदेश में राज है।

चौहान आज जिले के बैढ़न से संत रविदास समरसता यात्रा का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने संत रविदास का पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं संत भैयालाल भगत, रमाशंकर दास, कन्हैया लाल और सेवादार रमाकांत दास, रामसजीवन दास और प्रेमदास जी का अंग वस्त्र, शॉल तथा श्रीफल से सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने जल कलश और मृदा पात्र का भी पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने भारत में ऐसी ही शासन व्यवस्था स्थापित की है, जिसमें हर व्यक्ति के लिए भरपेट भोजन, रहने के लिए मूलभूत सुविधाओं से युक्त पक्का आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था की गई है। हर व्यक्ति का कल्याण किया जा रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास उनका मूल मंत्र है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी भारतीय संत परंपरा के शिरोमणि थे जिन्होंने सामाजिक सद्भाव, समरसता और समानता का मंत्र दिया। उन्होंने जात-पात, छुआछूत और कुप्रथाओं का कड़ा विरोध किया। वे परोपकारी, दयालु और मृदुभाषी थे। वे चर्म शिल्पी थे और जो कमाते थे दीन-दुखियों में बाँट देते थे, इस कारण पिता ने उन्हें घर से निकाल दिया था, परंतु उनका जन्म भक्ति और परोपकार के लिए था। वे समरसता के अग्रदूत थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की रक्षा की।

चौहान ने कहा कि उन्होंने संत रविदास जी की जयंती पर 8 फरवरी को सागर में घोषणा की थी कि वहाँ 102 करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास जी का भव्य मंदिर और स्मारक बनाया जाएगा, जो समाज को शांति, सद्भाव और समरसता का संदेश देगा।

## जलाशय के फूटने पर जांच तीन सदस्यीय दल करेगा

सागर। मध्यप्रदेश के सागर संभागायुक्त डा. वीरेन्द्र सिंह रावत ने कलेक्टर दमोह के प्रतिवेदन के परिप्रेक्ष्य में पौड़ी जैतगढ़ जलाशय के क्षतिगस्त होने के संबंध में जाँच के लिए तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जांच में सागर संभाग के अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण और अधीक्षण यंत्री जल संसाधन विभाग शामिल है। गठित जांच दल तीन दिवस में जांच कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगा। जांच के बिन्दुओं में पहला पौड़ी जैतगढ़ जलाशय के भराव एवं अनुरक्षण के संबंध में निर्धारित मैन्युअल का पालन किया गया है अथवा नही। दूसरा बांध के तकनीकी परिकल्पन एवं निर्माण की गुणवत्ता (सिविल एवं यांत्रिकी) मानक के अनुरूप है अथवा नहीं।

## कमलनाथ ने की किसानों के लिए कृषि न्याय योजना की घोषणा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज किसानों से संबंधित बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर कृषि न्याय योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत किसानों के ऋण माफ करने के साथ ही नि: शुल्क बिजली प्रदाय करने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

कमलनाथ ने यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य की 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है और राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के कार्यकाल में यह क्षेत्र काफी पीछे चला गया है। इसलिए वे आज कृषि न्याय योजना लागू करने का वचन दे रहे हैं और पार्टी की सरकार बनते ही इसे लागू किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कमलनाथ ने कहा कि इस योजना के तहत किसानों के कर्ज माफ करते रहेंगे। इसके अलावा पांच हॉर्स पॉवर तक सिंचाई कनेक्शन के लिए निन्शुल्क बिजली मुहैया कराएंगे। इससे लगभग 37 लाख किसानों को लाभ होगा। किसानों के पुराने बिजली बिल माफ किए जाएंगे। किसानों को 12 घंटे निर्बाध बिजली मुहैया करायी जाएगी। किसानों के आंदोलन संबंधी आपराधिक प्रकरण वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे एक सौ यूनिट बिजली बिल माफ और दो सौ यूनिट बिजली बिल हॉफ करने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं।

## शार्ट न्यूज

### 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत मेवाड़ परिसर में रोपे गये 75 पौधे



**गाजियाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत वसुंधरा स्थित मेवाड़ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं संस्थान के अन्य स्टाफ ने संस्थान परिसर में आंवला, अनार एवं जामुन जैसे विभिन्न प्रकार के फलदायक एवं छायादार 75 से अधिक पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्य डॉ अलका अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को अपने आसपास के लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाकर, उनकी निरंतर देखभाल करते रहना जरूरी है। इस अवसर पर संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

### मुहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी और मिलाद-उन-नबी पर दिल्ली में शराबबंदी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने इस वर्ष जुलाई से सितंबर की अवधि के लिए चार 'ड्राई डे' घोषित किया है जिसके तहत मुहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी और ईद मिलाद-उन-नबी पर राजधानी में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी विभाग से ड्राई डे को लेकर आए प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी। इसके तहत इस वर्ष जुलाई से सितंबर के दौरान मुहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी और ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व पड़ रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा घोषित ड्राई डे के अनुसार, इन पर्वों के दिन दिल्ली में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने एक जुलाई से 30 सितंबर की अवधि के लिए ड्राई डे की सूची जारी कर दी है। इस सूची के अनुसार, 29 जुलाई को मुहर्रम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, सात सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी और 28 सितंबर को ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व पड़ रहा है। सरकार ने इन पर्वों को ड्राई डे के रूप में शामिल किया है। ग़ौरतलब है कि दिल्ली सरकार हर तीन महीने में ड्राई डे की लिस्ट जारी करती है। इसी परिप्रेक्ष्य में यह सूची जारी की गई है।

### सोनीपत में यमुना में गैस पाइपलाइन फटी

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत में यमुना में गैस की पाइपलाइन लीक हो गई। गांव घसौली के पास गैस लीक होते ही यमुना से पानी के बवंडर उठने लगे। यह देख आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दी। प्रशासन ने तुरंत पुलिस की टीमें मौके पर भेजी। मौके के हालात देखते हुए तुरंत पानीपत रिफाइनरी से बात की गई। जिसके बाद पहले गैस का प्रेशर कम कराया गया। इसके बाद भी लीकेज कम नहीं हुई तो पानीपत और आसपास के क्षेत्रों के सीएनजी की सप्लाई रोक दी गई है। फिलहाल गैस के अचानक लीक होने के पुख्ता कारण का पता नहीं चल पाया है। अधिकारी मान रहे हैं कि यमुना में पानी के तेज बहाव में आए पत्थर से टकराने के कारण पाइपलाइन लीक हो सकती है। मौके पर पुलिस की टीम तैनात कर दी गई है ताकि किसी तरह का कोई नुकसान न हो। यमुना में बुधवार को गैस की लीकेज हुई। इसे सबसे पहले गांव के टीचर सुशील त्यागी ने देखा। उन्होंने आगे संपर्क किया। जिसके बाद सूचना गन्नौर के SDM निर्मल नागर तक पहुंची। सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत पुलिस की टीम को मौके पर भेजा। वहां यमुना से बवंडर उठते देख पुलिस ने पूरी रिपोर्ट दी। जिसके बाद तुरंत जिला प्रशासन ने रिफाइनरी के अधिकारियों को सूचित किया।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग से ठगी मामले में एक गिरफ्तार

नोएडा। आनलाइन लेक्साट्रेड डाट काम नाम की ट्रेडिंग कंपनी के नाम से वेबसाइट बनाकर 99 रिचार्ज साल्यूशन नामक फर्जी फर्म तैयार कर उसके खाते में लोगों के 70 लाख रुपये का निवेश कराकर धोखाधड़ी करने वाले शातिर जालसाज़ को बुधवार को साइबर क्राइम थाने की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिन खातों में पैसा ट्रांसफर कराया जाता है इनका एक्सेस दुबई से होता था। आरोपी की पहचान फरीदाबाद के बल्लभगढ़ निवासी दीपक गोला हुई है। उसे बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। दीपक 12वीं पास है। गिरोह का सक्रिय सदस्य है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में दो टीमें कई ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव ने बताया कि बीते दिनों ग्रेटर नोएडा के जीटा वन निवासी प्रवाल चौधरी ने टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर पैसा कमाने का झांसा देकर एक करोड़ 56 लाख रुपए की ठगी की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की थी। टीम ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और आइटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर जब मामले की जांच शुरू की तो दीपक का नाम सामने आया। मुकदमे में दीपक के 99 रिचार्ज साल्यूशन्स नामक फर्म के खाते में ठगी के लगभग 70 लाख रुपए ट्रांसफर होने की जानकारी मिली।

### गेट से नाम मिटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के लडपुरा गांव में दो पक्षों में जमकर संघर्ष देखने को मिला। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडे और जमकर ईंट पत्थर चले। इस दौरान कई लोगों के सिर फूट गए। उन्हें गंभीर चोट आई है। इस मारपीट में भाजपा के एक नेता भी घायल हुए हैं। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। दोनों पक्षों के विवाद को देखते हुए गांव में पीएसी को तैनात किया गया है। कासना थाना क्षेत्र के लडपुरा गांव में एक मंदिर बना हुआ है। इसी के पास कुछ खाली जमीन पड़ी हुई है। यह जमीन एलएमसी तथा गांव के ही लखपत परिवार के कुछ लोगों की बताई जाती है। कुछ दिनों पहले गांव के लोगों ने खाली जमीन पर मंदिर निर्माण का निर्णय लिया। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने लखपत परिवार से मंदिर निर्माण के लिए खाली जमीन को देने की मांग की। बताया जा रहा है कि इस दौरान लखपत परिवार ने जमीन देने से इनकार कर दिया। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष पैदा हो गया। इसी बात को लेकर कुछ युवाओं ने गांव के बाहर बने लखपत द्वार पर लिखे लखपत नाम पर स्याही पोत दी। इस गेट का निर्माण लखपत परिवार के सदस्यों ने 2007 में गांव के मुख्य मार्ग पर कराया था।

### सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण ने चलाया अभियान

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर में सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने जोरदार कार्रवाई की है। जैतपुर गोलचक्कर और अल्फा कॉमर्षियल बेल्ट स्थित कसाना टावर के पास सड़क किनारे दुकान लगाकर खड़ी दो दर्जन रेहड़ी जब्त कर ली है। प्राधिकरण ने सड़कों किनारे खड़े होकर यातायात को बाधित न करने की हिदायत दी। प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग के प्रभारी और ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि जैतपुर गोल चक्कर और अल्फा कॉमर्षियल बेल्ट स्थित कसाना टावर के पास रेहड़ी लगने से यातायात बाधित होने की शिकायत मिली थी। प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची। दोनों जगहों से करीब दो दर्जन रेहड़ी जब्त कर ली गई। ओएसडी ने यातायात को बाधित करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले अर्बन सर्विसेज विभाग ने सेक्टर अल्फा टू के निवासियों की शिकायत पर सेक्टर की मार्केट व सड़क के किनारे अवैध रूप से लगने वाली ठेली-पटरी को भी जब्त कर लिया था। ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के नवनियुक्त सीईओ रवि कुमार एनजी ने पहली बैठक में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने की बात थी। अब उसका असर भी दिखने लगा है।

# भारतीय सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान की गौरवगाथा विषय पर वेबिनार का आयोजन

## आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा किया गया आयोजन







अध्यक्ष दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड श्री सुभाष चन्द्र कानखेड़िया की अध्यक्षता में दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान की गौरवगाथा विषय पर दिनांक 26.07.2023 को प्रात: 11बजे गूगल मीट के माध्यम से वेबिनार का आयोजन किया गया द्ध इस वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में मेज़र जनरल पी. के.सहगल (रिटायर्ड) रक्षा विशेषज्ञ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दुष्यंत कुमार गौतम, राष्ट्रीय महासचिव भारतीय जनता पार्टी एवं पूर्व सांसद राज्यसभा उपस्थित रहे।

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी श्रीमती उर्मिला रौतेला द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा वक्ताओं के परिचय के साथ वेबिनार में उपस्थित वक्ता, विशिष्ट अतिथियों एवं श्रोताओं का स्वागत कर उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी।

मुख्य वक्ता मेज़र जनरल पी.के.सहगल ने आभार जताते हुए अपना वक्तव्य आरम्भ किया। उन्होंने बताया कि यह कारगिल युद्ध की 24वीं सालगिरह है, इसको दो वजह से एक कारगिल की जीत और दूसरा कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है द्ध इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री इंडिया गेट पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। कारगिल युद्ध में भारत को बड़ी जीत मिली थी, जिसका उन्होंने विस्तार से उल्लेख किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पकिस्तान ने छल से कारगिल युद्ध का ताना-बाना बुना जिसमें उसको हार का सामना करना पड़ा। कारगिल युद्ध में किये गए विभिन्न ऑपरेशन ; ऑपरेशन सफ़ेद सागर, ऑपरेशन तलवार और ऑपरेशन विजय के सम्बन्ध में उन्होंने विस्तृत जानकारी दी द्ध पहले इसे 30-40 जेहादियों की घुसपैठ का मामला माना गया था, लेकिन बाद में पाकिस्तान लेफ्टिनेंट जनरल ने भी कबुल किया कि इस घुसपैठ में पाकिस्तान की रेगुलर आर्मी शामिल थी द्ध उन्होंने बताया कि यह युद्ध 26जुलाई 1999 को युद्ध समाप्त हुआ था और भारत के जाबांज सैनिकों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल से खदेड़ दिया गया। पाकिस्तान ने कभी यह स्वीकार ही नहीं किया कि वे मारे गए सैनिक पकिस्तान के हैं। वहां के तत्कालिक प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ को भी युद्ध की कोई जानकारी नहीं थी। मेजर जनरल सहगल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस युद्ध में मारे गए सैनिकों का उनके धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस युद्ध में भारत ने किसी प्रकार के केमिकल हथियार का इस्तेमाल नहीं किया था।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री दुष्यंत कुमार गौतम ने कारगिल युद्ध विजय के अवसर पर सर्वप्रथम कारगिल के शहीदों को नमन किया तथा अटल जी के वक्तव्य दोस्त बदल सकते है पडोसी नहीं बदल सकते को याद किया तथा कहा कि पकिस्तान से अच्छे संबंध बनानें के लिए अटल जी ने लाहौर बस सेवा की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है अपनी भारतीय संस्कृति पर, अपने देश पर, और अपने सैनिकों पर। उन्होंने कहा कारगिल युद्ध के दौरान देशभर में जो देशभक्ति का जज्बा बना, वह काबिलेतारीफ था। युवा अधिक से अधिक सेना में भर्ती इं का भी उल्लेख किया तथा भारतीय सैनिकों की बहादुरी एवं समर्पण की जमकर तारीफ़ की। उन्होंने यह भी बताया कि गत वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार भारत में बनी तोप से सलामी दी गई थी। श्री गौतम ने कहा कि हम गौरवशाली समय में हैं, जहां शासन करने वाला सैनिक के साथ होता है, और सैनिकों का मनोबल बढ़ने का काम करता है। उन्होंने शहीदों को नमन कर अपना वक्तव्य समाप्त किया।

अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्ष, दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड श्री सुभाष चन्द्र कानखेड़िया ने सर्वप्रथम मेज़र जनरल पी.के.सहगल (रिटायर्ड) रक्षा विशेषज्ञ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दुष्यंत कुमार गौतम, राष्ट्रीय महासचिव भारतीय जनता पार्टी एवं पूर्व सांसद राज्यसभा का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनकी उपस्थिति से कृतार्थ हैं। उन्होंने राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की कविता पुष्प की अभिलाषा का सस्वर पाठ कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कैप्टन विजयंत थापर को भी याद किया और उनके द्वारा उनके पिता को लिखे पत्र के मार्मिक प्रसंग का उल्लेख किया द्ध उन्होंने कहा कि हमारे शहीदों ने दुर्गम लड़ाई लड़ कर एक ऐतिहासिक जीत का परचम लहराया था, उनको मैं कोटि कोटि नमन करता हूँ और शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकि निशा होगा के साथ अपने भाषण को समाप्त किया।

सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी उर्मिला रौतेला द्वारा अंत में सभी आमंत्रित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ वेबिनार का समापन हुआ।

# बिधूड़ी ने उपराज्यपाल के समक्ष उठाई दिल्लीवालों की समस्याएं

## किसानों, कारोबारियों और अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों को मिले राहत

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने राजधानी के किसानों, कारोबारियों और अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों के सामने आ रही बड़ी समस्याओं को उपरा'यपाल के समक्ष उठाया है। बिधूड़ी ने उपरा'यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना से भेंट करके उन्हें इन समस्याओं से अवगत कराया और लोगों को शीघ्र ही राहत देने का अनुरोध किया। उपरा'यपाल महोदय ने इन सभी समस्याओं पर शीघ्र ही गौर करने का आश्वासन दिया है।



बिधूड़ी ने बताया कि केजरीवाल सरकार की गलत नीतियों के कारण दिल्ली के लोग बहुत परेशान हो रहे हैं और इससे लोगों को राहत दिलाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजधानी में अगर किसी किसान की मृत्यु हो जाती है तो रेवेन्यू रिकॉर्ड में उसके वैध उत्तराधिकारियों के नाम पर उसकी जमीन नहीं चढ़ाई जा रही। इसका नतीजा यह निकलता है कि उत्तराधिकारी न तो जमीन बेच सकता है और न ही लैंड पूलिंग जैसी किसी योजना में हिस्सा ले सकता है। इसी प्रकार ग्राम सभा की जमीन का इस्तेमाल दूसरे उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। इसीलिए उपरा'यपाल महोदय से अनुरोध किया गया है कि ग्राम सभा की जमीन का इस्तेमाल गांवों के लोगों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली नागरिक सुविधाओं के लिए ही किया जाए। बिधूड़ी ने कहा कि धारा-81 को हटाने का वादा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया था लेकिन इसे नहीं हटाया गया। इस धारा के कारण गांववालों की जमीन ग्रामसभा में समाहित कर दी जाती है और सरकार उसकी मालिक बन जाती है। यह अन्यायपूर्ण है कि अगर कोई किसान कृषि भूमि पर अपने रहने के लिए मकान बनाता है तो उसके खिलाफ इस धारा का इस्तेमाल करके उसकी जमीन छीन ली जाती है। नेता प्रतिपक्ष ने उपरा'यपाल महोदय का ध्यान दिल्ली में कई सालों से सील की गई 1× हजार दुकानों की तरफ भी दिलाया और कहा कि इन्हें डीसील करने के लिए तुरंत नगर निगम को आदेश दें। इसके अलावा अनधिकृत कॉलोनियों में जिन लोगों को मालिकाना हक मिल गया है, उन्हें बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार मकान बनाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने उपरा'यपाल का ध्यान 1947 के शरणार्थियों की कॉलोनियों की तरफ भी दिलाया। इन कॉलोनियों की लीज खत्म हो गई है जिससे यहां रहने वाले लोग आशंकित हैं। उन्होंने लीज का नवीनीकरण और प्रॉपर्टी के विभाजन की अनुमति देने का भी आग्रह किया।

### सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण ने चलाया अभियान

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर में सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने जोरदार कार्रवाई की है। जैतपुर गोलचक्कर और अल्फा कॉमर्षियल बेल्ट स्थित कसाना टावर के पास सड़क किनारे दुकान लगाकर खड़ी दो दर्जन रेहड़ी जब्त कर ली है। प्राधिकरण ने सड़कों किनारे खड़े होकर यातायात को बाधित न करने की हिदायत दी। प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग के प्रभारी और ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि जैतपुर गोल चक्कर और अल्फा कॉमर्षियल बेल्ट स्थित कसाना टावर के पास रेहड़ी लगने से यातायात बाधित होने की शिकायत मिली थी। प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची। दोनों जगहों से करीब दो दर्जन रेहड़ी जब्त कर ली गई। ओएसडी ने यातायात को बाधित करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले अर्बन सर्विसेज विभाग ने सेक्टर अल्फा टू के निवासियों की शिकायत पर सेक्टर की मार्केट व सड़क के किनारे अवैध रूप से लगने वाली ठेली-पटरी को भी जब्त कर लिया था।

# मूसलाधार बारिश से नोएडा में जगह-जगह हुआ जलभराव

## सेक्टर से लेकर सोसाइटी में भरा पानी, सड़कें बनीं तालाब

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में बुधवार सुबह से ही जमकर बारिश हो रही है। बारिश के चलते जगह-जगह पर जलभराव की तस्वीरें सामने आ रही हैं। सेक्टर से लेकर सोसाइटी और सड़कें हर जगह जलभराव दिख रहा है। जलभराव होने की वजह से लोगों को खास परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बुधवार को हुई बारिश के चलते सेक्टर बीटा 1 में जमकर जलभराव देखने को मिला। सेक्टर बीटा 1 की सड़कें तालाब की तरह नजर आईं। यहां से गुजर रहे वाहनों को खास परेशानियों का सामना करना पड़ा। सेक्टर बीटा 1 के निवासी हरेंद्र भाटी ने बताया कि जरा सी बारिश से ही पूरे सेक्टर में जलभराव हो जाता है।



उन्होंने बताया कि सेक्टर वासियों ने वॉटर ड्रेन चेंबर बंद कर रखे हैं। जिसकी वजह से बारिश का पानी निकल नहीं पाता है। यह पानी रोड पर ही भर जाता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से भी उन्होंने गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस जलभराव की समस्या से सेक्टर के लोगों को निजात दिलाएं। वहीं दूसरी तरफ बारिश की वजह से कई सोसायटी में भी जमकर जलभराव देखने को मिला। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इको विलेज वन सोसाइटी में भी जलभराव हो गया। सोसाइटी के अंदर जमकर जलभराव हो गया। इस दौरान बताया गया कि हिंडन नदी में जो जलस्तर बढ़ रहा है, उसकी वजह से सोसायटी से पानी निकल नहीं पा रहा है और बारिश के बाद यह यहीं पर जमा हो गया है। सूरजपुर में भी कुछ ऐसे ही हालात दिखे। नोएडा- दादरी रोड पर जलभराव हो गया। जिसकी वजह से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूरजपुर के रहने वाले आमिर ने बताया कि जरा सी बारिश होते ही इस तरह के हालात यहां पर आम हैं।

# दिल्ली में मरीज ने डॉक्टर पर चाकू से हमला किया

नई दिल्ली। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मंगलवार को एक मरीज ने सीनियर न्यूरोसर्जन पर चाकू से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों और गार्ड ने उसको पकड़ा, जिसके बाद डॉक्टर की जान बच सकी। हमले में डॉक्टर के अंगूठे पर हल्की चोट आई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि युवक डिप्रेशन में था। उसका इलाज चल रहा था। वो चाकू को जेब में छिपाकर लाया था। फिलहाल उस पर केस दर्ज कर लिया गया है। उसे हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, मरीज बिहार का रहने वाला है। उसका नाम राजकुमार है। वो 21 साल का है। उसका 2021 से न्यूरो सर्जरी के चेयरमैन डॉ. सतनाम सिंह छाबड़ा की निगरानी में इलाज चल रहा था। वो मंगलवार को भी इलाज कराने आया था।

दोपहर करीब 3.50 बजे वो ओपीडी में आया था। उसके पास जेब में एक छोटा चाकू था। इलाज के दौरान अचानक उसे गुस्सा आ गया। इसके बाद उसने डॉक्टर पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद मरीजों ने बताया कि राजकुमार डॉक्टर की गर्दन पर हमला करने की कोशिश कर रहा था।

# डीयू और एनईपी 2020 का मकसद है शिक्षा सबके लिए हो

## मणिपुर हिंसा पीड़ित विद्यार्थियों हेतु हर सहायता के लिए तैयार है डीयू : कुलपति

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षा सबके लिए सुलभ होनी चाहिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) का यही मकसद है और दिल्ली विश्वविद्यालय इसे लेकर पूरी तरह से गंभीर है। प्रो. योगेश सिंह एनईपी 2020 के तीन वर्ष पूरे होने पर दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुलपति ने एनईपी 2020 को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय की अब तक की उपलब्धियां भी गिनवाई। पत्रकार वार्ता के दौरान मणिपुर घटनाक्रम पर एक प्रश्न के उत्तर में कुलपति ने कहा कि



दिल्ली विश्वविद्यालय मणिपुर हिंसा पीड़ित विद्यार्थियों हेतु हर सहायता के लिए तैयार है। इस अवसर पर डीयू दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. के. रत्नाबली और पीआरओ अनूप लाठर भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से 29 जुलाई 2020 को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) लॉन्च की गई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा पहल करते हुए देश में सबसे पहले इसे लागू किया गया। कुलपति ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 से अंडर ग्रेजुएट करिकुलम फ्रेमवर्क 2022 (यूजीसीएफ) के माध्यम से स्नातक स्तर पर एनईपी 2020 को लागू किया है। उन्होंने बताया कि यूजीसीएफ 2022 को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह विद्यार्थियों को बहु-विषयक दृष्टिकोण के साथ अपने शैक्षणिक पथ को विकसित करने के लिए लचीलापन देता है। अनुसंधान और नवाचार पर जोर देने के साथ-साथ समग्र और कौशल शिक्षा प्रदान करता है। इसका उद्देश्य विश्लेषणात्मक और रचनात्मक सोच विकसित करना है। यूजीसीएफ 2022 में इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप तथा प्रोजेक्ट और सामुदायिक आउटरीच के प्रावधानों को शामिल किया गया है।

# बंगाली मार्केट मस्जिद और तकिया बब्बर शाह को हाईकोर्ट से राहत

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने रेलवे को अपनी जमीन पर बनी तिलक मार्ग और बाबर रोड पर दो मस्जिदों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का निर्देश दिया है। अदालत ने माना कि जारी नोटिस बिना हस्ताक्षर के है और उस पर कार्रवाई नहीं की जा सकती।

न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने केंद्र सरकार के वकील को उनके अनुरोध पर दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका मे दावा किया गया है कि नोटिस सामान्य है और तिलक मार्ग पर रेलवे ब्रिज के पास दो मस्जिदों मस्जिद तकिया बब्बर शाह और बाबर मार्ग पर मस्जिद बच्चू शाह, जिसे बंगाली मार्केट मस्जिद के नाम से भी जाना जाता है, अनधिकृत नहीं है और जमीन रेलवे की नहीं है।



अदालत ने पाया कि नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए गए थे, उस प्राधिकरण का उल्लेख नहीं किया गया था जिसके तहत उन्हें जारी किया गया था। अदालत ने यह कैसा नोटिस है? क्या कोई सामान्य चीज हर जगह पोस्ट की जा रही है? उसे किसी भी (इमारत) पर पोस्ट किया जा सकता है। इसमें किसी इमारत, किसी तारीख या किसी चीज का जिक्र नहीं है।

### कोर्ट की नोटिस पर फटकार

अदालत ने कहा ऐसा प्रतीत होता है कि नोटिस कथित तौर पर रेलवे प्रशासन, उत्तर रेलवे, दिल्ली द्वारा जारी किया गया एक सामान्य नोटिस है, जो जनता से 15 दिनों के भीतर रेलवे भूमि से मंदिरों/मस्जिदों/मजारों को स्वेच्छा से हटाने का आह्वान करता है, अन्यथा उन्हें रेलवे प्रशासन द्वारा हटा दिया जाएगा। अदालत ने कहा कि बिना हस्ताक्षर वाले नोटिस के अनुसार कार्रवाई नहीं की जाएगी।

केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि वह इस मुद्दे पर स्पष्ट निर्देश लेंगे। उन्होंने कहा दो मस्जिदें 123 असूचीबद्ध संपत्तियों का हिस्सा हैं जिन्हें केंद्र ने लिया है। अदालत ने केंद्र के वकील को निर्देश लेने के लिए समय दिया कि क्या रेलवे द्वारा मौजूदा स्वरूप में नोटिस जारी किए गए थे। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील वजीह शफीक ने कहा कि 19 और 20 जुलाई को दशकों से मौजूद मस्जिदों पर नोटिस चिपकाए गए है और जांच करने पर पता चला कि वे मंडल रेलवे प्रबंधक के कार्यालय से जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि नोटिस में कोई फाइल नंबर, तारीख, हस्ताक्षर, जारी करने वाले व्यक्ति का नाम या पद नहीं है।

# कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ समन जारी

**नई दिल्ली।** अदालत ने नवंबर 84 दंगो के एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ समन जारी कर तलब किया है। अदालत ने कहा कि पेश दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के साक्ष्य है। 1984 में पुल बंगश इलाके में हुई हत्याओं के मामले में सीबीआई द्वारा एक पूरक आरोपपत्र दायर किया गया है। राउज एवेन्यू अदालत स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) विधि गुप्ता आनंद ने सीबीआई द्वारा दायर पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए टाइटलर को 5 अगस्त को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है।

सीबीआई के सरकारी वकील ने अदालत को जानकारी दी और कहा कि संज्ञान लेने के लिए पर्याप्त सबूत हैं और आरोपी को समन जारी किया जाए। सीबीआई अभियोजक ने कहा कि ऐसे गवाह हैं जिन्होंने टाइटलर को दंगे में भीड़ को उकसाते हुए देखा था। उन्होंने यह भी कहा कि एक अन्य गवाह ने भी टाइटलर को दंगों के दौरान भीड़ को उकसाते हुए देखा था। सीबीआई ने कहा कि आरोपी के खिलाफ 153 ए (धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) 295 और 302 और दंगों से संबंधित अपराध बनते हैं।

एक प्रत्यक्षदर्शी सुरेंद्र सिंह ने एक बयान दिया है 2008-09 में समाप्त हो गया। मामले में 164 सीआरपीसी के तहत दो बयान हुए हैं। सीबीआई अभियोजक ने कहा कि इस सामग्री के आधार पर आरोपियों को समन जारी किया जा सकता है।

# संपादकीय



## उम्मीद की पाठशाला

सामान्य स्कूलों में लड़कियों के बीच में पढ़ाई छोड़ने के मामले समाज और सरकार के लिए चिंता का कारण बन रहे हैं।

कुछ साल पहले तक सैनिक स्कूलों में पढ़ाई करना लड़कियों के लिए बस सपना भर था। लेकिन जब से सैनिक स्कूलों में लड़कियों के दाखिले की व्यवस्था शुरू की गई, उसके बाद बदलती तस्वीर ने फिर यही दर्शाया है कि अगर महिलाओं को अवसर मिले तो वे हर मोर्चे पर अपनी काबिलियत साबित कर सकती हैं।

सैनिक स्कूलों में अब लड़कियों ने खासी संख्या में दाखिला लेना शुरू कर दिया है और एक तरह से इसे मुख्य रूप से पुरुषों की धारा में महिलाओं के एक और ठोस हस्तक्षेप के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, सरकार ने एक सवाल के जवाब में सोमवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी कि देश में तैंतीस सैनिक स्कूलों में बारह सौ निन्यानबे छात्राएं पढ़ रही हैं।

इसके अलावा, विभिन्न संस्थानों की साझेदारी में खुले सैनिक स्कूलों में तीन सौ तीन अन्य छात्राएं भी पढ़ाई कर रही हैं। जिस दौर में विभिन्न कारणों से सामान्य स्कूलों में लड़कियों के बीच में पढ़ाई छोड़ने के मामले समाज और सरकार के लिए चिंता का कारण बन रहे हैं, उसमें सैनिक स्कूलों में छात्राओं की बढ़ती संख्या को निश्चित रूप से एक सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ते कदम के रूप में देखा जा सकता है।

गौरतलब है कि कुछ साल पहले सरकार ने एक प्रायोगिक परियोजना के तहत सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश को मंजूरी दी थी, तब इसे लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की ओर एक ठोस पहलकदमी माना गया था। दरअसल, सैन्य क्षेत्र में महिलाओं के आगे बढ़ने को लेकर समाज में कई स्तर पर पूर्वाग्रह कायम रहे हैं और इसका असर भी सेना में बेहतर भविष्य का सपना देखने वाली लड़कियों पर पड़ता रहा है।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ वर्ष पहले तक महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन को लेकर कई स्तर पर अड़चनें मौजूद रहीं। लेकिन समय के साथ सेना में महिलाओं की उपस्थिति और उनकी काबिलियत एक जरूरत के तौर पर उभरी। इस क्षेत्र में काम करने के अमूमन हर मोर्चे पर महिलाओं ने अपनी क्षमता साबित की और उन्हें जो जगह मिल सकी, उसे उन्होंने अधिकार के तौर पर लिया।

सैनिक स्कूलों में भी लड़कियों के दाखिले को लेकर अगर एक आग्रह बना हुआ था, तो उसका कोई ठोस आधार नहीं था। यह इससे भी साबित हुआ कि पिछले कुछ सालों में ही सैनिक स्कूलों में भारी तादाद में लड़कियों ने दाखिला लिया और अब यह संख्या सोलह सौ से ज्यादा पहुंच गई है।

दरअसल, लोकतंत्र में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के सूत्र पर काम करने वाली सरकार को यह ध्यान रखना पड़ता है कि समाज का कौन-सा हिस्सा किसी क्षेत्र में मुख्यधारा से वंचित है और किसे किस तरीके से सशक्त बनाया जा सकता है। इस लिहाज से देखें तो हर क्षेत्र में विकास के बीच आज भी महिला सशक्तीकरण और इसके जरिए लैंगिक समानता कायम करना वक्त का तकाजा है।

खासतौर पर उन क्षेत्रों में महिलाओं की गैर-मौजूदगी या फिर बेहद कम संख्या को लेकर चिंता जताई जाती रही है, जिन्हें आमतौर पर केवल पुरुषों के लिए अनुकूल बताया जाता रहा है। जबकि सच यह है कि पुरुषों के लिए सहज माने जाने वाले हर क्षेत्र में जब महिलाओं को भी अवसर मिले, तब दायित्वों के सभी स्तर पर बेहतर नतीजे ही सामने आए।

सैनिक स्कूलों में लड़कियों के दाखिले की शुरुआत करने के पीछे भी महिला सशक्तीकरण का उद्देश्य ही काम कर रहा था। इन स्कूलों में बढ़ती संख्या से यही पता चलता है कि इस ओर बढ़े कदमों के नतीजे सकारात्मक आए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इन स्कूलों से पढ़ाई करके निकलने वाली लड़कियां देश के बेहतर भविष्य में अपना योगदान दे पाएंगी।

## आंदोलनकारी लोकतांत्रिक तरीका अपनाएं

तुरा को शीतकालीन राजधानी बनाने की मांग पर लंबे समय से आंदोलन चल रहा है।

सरकार के सामने अपनी मांग रखना नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार है, मगर शायद लोग अब भूलते जा रहे हैं कि इसका भी लोकतांत्रिक तरीका होता है। अब जैसे मामूली मांगों पर भी हिंसा के जरिए दबाव बनाना एक चलन-सा बनता जा रहा है। कुछ समय तक लोग मांग उठाते हैं, धरना-प्रदर्शन करते हैं, फिर अचानक हिंसा पर उतर आते हैं।

मेघालय में भी यही हुआ। सोमवार रात को अचानक भीड़ ने मुख्यमंत्री सचिवालय पर हमला कर दिया, पत्थरबाजी शुरू कर दी। उसमें पांच पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। भीड़ पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े। बताया जा रहा है कि तुरा शहर को शीतकालीन राजधानी बनाने की मांग पर लंबे समय से आंदोलन चल रहा है, उसी को लेकर भीड़ ने यह हमला किया।

इस मांग को लेकर आंदोलन चलाने वाले दो समूह प्रमुख हैं- अचिक कान्सियस होलिस्टिकली इंटीग्रेटेड क्रिमा और गारो हिल्स स्टेट मूवमेंट कमेटी। सोमवार शाम को इन दोनों संगठनों के नेताओं से मुख्यमंत्री कोनराड संगमा अपने कार्यालय में बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान लोगों की भीड़ ने कार्यालय पर हमला कर दिया। अब पुलिस ने हमला करने वालों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है।

पहाड़ी राज्यों में दो राजधानी होना कोई नई बात नहीं है। मेघालय के लोगों का भी तर्क है कि जिस तरह जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में शीतकालीन राजधानी अलग हैं, उसी तरह उनके यहां भी तुरा शहर को शीतकालीन राजधानी बनाया जाए। उत्तराखंड में भी गैरसैण को राजधानी बनाने की मांग को लेकर आंदोलन चलते रहते हैं।

दरअसल, राजधानी बनने से संबंधित शहर की कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। स्वाभाविक ही वहां की प्रशासनिक व्यवस्था दूसरे शहरों की तुलना में चुस्त-दुरुस्त होती है। फिर राजधानी बनने से उस शहर में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। रोजगार के नए अवसर बनते हैं। इसलिए स्वाभाविक ही कई जगह लोग अपने शहर में राजधानी की तरह की कानून-व्यवस्था चाहते हैं।

मगर मेघालय में जिस तरह इस मांग को हिंसक रूप देने का प्रयास किया गया, उसे किसी भी रूप में लोकतांत्रिक तरीका नहीं कहा जा सकता। अब इस घटना में शामिल लोगों की जिस रूप में पहचान हो रही है, उससे स्पष्ट है कि इस आंदोलन को राजनीतिक रूप देकर सत्तापक्ष को बदनाम करने और उस पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। गिरफ्तार लोगों में दो भाजपा महिला मोर्चा के सदस्य भी हैं, दो तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों की तलाश जारी है।

नागरिक आंदोलनों को राजनीतिक दलों द्वारा हड़पा जाना या उन्हें गुमराह कर अपने पक्ष में लाभ लायक बना लेना कोई नई बात नहीं है। अक्सर सत्तापक्ष पर दबाव बनाने या उसे बदनाम करने की नीयत से विपक्षी दल नागरिक आंदोलन को हिंसक बना देने का प्रयास करते देखे जाते हैं। इसलिए इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि मेघालय में भी ऐसा ही हुआ हो।

मगर इसके उलट यह भी देखा जाता है कि जब भी कोई नागरिक आंदोलन किसी भी वजह से हिंसक रूप ले लेता है तो सत्तापक्ष उसमें अपने विपक्षियों का नाम शामिल कर अपनी कमजोरियों को ढंकने का प्रयास करता है। जो हो, पर चिंता की बात यह है कि शीतकालीन राजधानी बनाने का मुद्दा ऐसा जटिल विषय नहीं है, जिसका आंदोलनकारियों और सरकार के बीच उसके तकनीकी पहलुओं पर बातचीत करके समाधान न निकाला जा सके।

# नैतिकता एवं मर्यादा के मामलें में हम कब अव्वल होंगे ?



ललित गर्ग

नैतिकता, मर्यादा एवं आदर्श मूल्यों के लिये दुनिया में पहचान बनाने वाले भारत की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने लगातार नैतिकता को तार-तार किया है। नए राजनीतिक मौसम में सत्ता और दाग दोनों साथ-साथ चलते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है एवं नये बनते भारत की सबसे बड़ी बाधा है। इन हालातों में छोटे से देश न्यूजीलैंड से आई एक खबर भारतीय राजनेताओं के लिए नसीहत भरी है। वहां की न्याय मंत्री किरी एलन को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ गया। इस्तीफे की वजह यह रही कि हद से ज्यादा नशे की हालत में वाहन चलाते हुए किरी ने एक खड़ी हुई कार को टक्कर मार दी थी। जो हादसा हुआ वह यों तो सामान्य लगता है लेकिन प्रतिक्रिया के रूप में नैतिक आधार पर मंत्री ने पद छोड़ दिया, यह भारत के आधुनिक राजनेताओं के लिये एक प्रेरणा है।

भारत के सन्दर्भ में न्यूजीलैंड में मंत्री के इस्तीफे का यह उदाहरण इतना ही बताने के लिए काफी है कि कानून-कायदे सख्त हों इससे ज्यादा जरूरी यह है कि कानून सबके लिए समान भी हों। अपराध या गलती होने पर राजनेता पहले उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने पद को त्यागे। यह एक अवसर है कि न्यूजीलैंड से मिली नसीहत और नैतिकता के मापदण्डों पर भारत के राजनेता एवं सत्ता पर बैठे लोगों के लिये खरा उतरने की प्रेरणा लेने का। लेकिन ऐसा न होना एक गंभीर स्थिति है। मणिपुर में 4 मई का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुकी समुदाय की महिलाओं को मैतेई समुदाय के पुरुषों के एक समूह ने नग्न परेड कराया और उनके साथ दरिंदगी की। मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दो महिलाओं को नग्न घुमाने की घटना ने 140 करोड़ भारतीयों को शर्मसार किया है, लेकिन प्रश्न है कि वहां के मुख्यमंत्री ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद को त्यागने का उदाहरण क्यों नहीं प्रस्तुत किया।

इससे पूर्व लम्बे समय तक ब्रजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों से लगातार यौन उत्पीडन के आरोप लगते रहे, प्रदर्शन होते रहे, उन्होंने सचाई सामने आने तक अपने पद से त्यागपत्र क्यों नहीं दिया। जबकि उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी), 354 (महिला की शीलता भंग करना), 354-ए (यौन उत्पीड़न) और 354-डी (पीछा करना) के तहत आरोप तय हो गए हैं। इससे पूर्व लखीमपुर खिरी में जिस क्रूर तरीके से मंत्री के बेटे ने हिंसक घटना को अंजाम दिया गया, उसकी वीडियो भी वायरल हुई। इसके बावजूद सम्बन्धित मंत्री महोदय से न तो इस्तीफा लिया गया, न एक जिम्मेदार पद पर होने की नैतिकता के निर्वहन के लिए इस मामले में न्याय होने तक स्वयं इस्तीफे की कोई पेशकश की गई।

वर्तमान दौर पर निगाह डालें तो राजनीति में संवेदना, मर्यादा और नैतिकता लगातार छिजती जा रही है। जो न केवल राजनीति पर ही सवाल खड़ा नहीं करती, बल्कि मानवीय संवेदना को भी कठघरे में लाती है। अभी तक अमीर बापों की नशे में धुत संतानों द्वारा गरीब लोगों को कुचलकर मार डालने के मामले ही सामने आते रहे हैं। लेकिन जब कभी समाज में अमीर और रसूखदार लोगों द्वारा जघन्य अपराध किये गये, तो पूरे समाज ने विरोध में उतरकर अपने सभ्य होने का प्रमाण दिया। नैना साहनी तंदूर हत्याकांड हो या नितीश कटारा मर्डर केस या निर्भया का मामला, इन मामलों पर पूरे समाज ने एकजुटता दिखाई, लेकिन लखीमपुर खीरी, बृजभूषण की घटना हमें सोचने के लिए मजबूर करती है कि मानवीय संवेदना का स्तर लगातार कम होता जा रहा है या हम एक निष्ठुर और असंवेदनशील समाज होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं ?



राजनीति में अनैतिकता तरह-तरह से पांव पसार रही है। दलबदल, नेताओं पर बदले की भावना से हो रही कार्रवाइयां भी अनैतिकता के ही उदाहरण हैं। शरद पवार के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व में राकांपा के विधायकों द्वारा दल-बदल कर पिछले दिनों शिंदे की शिवसेना-भाजपा सरकार के साथ जाने से इस बात का पर्दाफाश हो गया है कि जो नेता चाहते हैं, वे खुद को सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को बेच देते हैं और यह सब काम बड़ी सटीकता से किया जाता है तथा इसमें मनों का मेल, विचारधारा, सिद्धान्त, नैतिकता या व्यक्तिगत पसंद आदि जैसे कोई बहाने नहीं बनाए जाते। नैतिकता एवं मूल्यों की वकालत करने वाली भारतीय जनता पार्टी भी राजनीतिक जोड़तोड़ के लिये मूल्यों से मुंह फेरने लगी है एवं स्मार्ट राजनीतिक प्रबंधन के लिए जानी जाती है। प्रलोभन तथा धमकाने के लिए राज्य तंत्र एवं सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल कर उसने भी नैतिकता को ताक पर ही रखा है।

राजनीति में सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं और मर्यादा के हमाम में सब नंगे हैं-यह राजनीतिक का एक कटू सच है। बिहार के नीतीश कुमार, पिछले वर्ष अगस्त तक जब जद (यू) ने पाला नहीं बदला था, वह मोदी का गुणगान कर रहे थे, किंतु अपने मित्र से दुश्मन और दुश्मन से मित्र बने लालू की राजद के साथ सरकार बनाने से उनका रुख बदल गया है। ऐसा लगता है राजनीति में अब नैतिकता भी सनी लियोनी की तरह जीना सीख गई है। वह आधुनिक ख्यालों में पूरी तरह स्वतंत्र, मर्यादा एवं नैतिकताविहीन विचारधारा की हो गयी है। सारे राजनेता राजनीतिक दलों के नंगे बदन को देखकर भी विचलित नहीं होते, फिर भी आम लोग या फटे कपड़ों से ढके भूखे लोगों को आशा हैं कि राजनीति की नैतिकता किसी तरह पूरी तरह ढक जाए।

लालबहादुर शास्त्री एवं अटल बिहारी वाजपेयी की उच्च राजनीतिक परम्पराओं वाले देश में अपनी जिम्मेदारी को तय करते हुए स्वयं इस्तीफे की उम्मीद तो खैर आज के इस दौर में बेमानी ही समझनी चाहिए, क्योंकि यह वह दौर नहीं है, जब राजनेता अपने विभाग से सम्बन्धित किसी और की गलती पर भी इस्तीफा दे दिया करते थे या एक मत के लिये सरकार को गिरने देते हैं। खुद को कानून से ऊपर समझने की फितरत रखने भारतीय राजनेताओं एवं मंत्रियों के लिए छोटे से देश न्यूजीलैंड से आई खबर निश्चित ही अनुकरणीय है। प्रश्न है कि न्यूजीलैंड की तरह हमारा देश कानून का सख्ती से पालन एवं नैतिक निष्ठा दिखाने में कब तक निस्तेज बना रहेगा ? न्यूजीलैंड में न केवल कानून सख्त हैं बल्कि नैतिकता और मर्यादा के मामले में राजनेता दूसरे देशों के मुकाबले कहीं ज्यादा सतर्क हैं। वहां की न्याय मंत्री को छोटी-सी घटना पर न केवल तीन-चार घंटे पुलिस स्टेशन में भी रहना पड़ा था बल्कि इस्तिफा भी देना पड़ा। वहां के प्रधानमंत्री ने न्याय मंत्री का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। नजीर पेश करने का यह न्यूजीलैंड में कोई अकेला उदाहरण नहीं है। इस साल के शुरू में ही वहां की तत्कालीन पीएम जेसिंडा अर्डर्न ने यह कहते हुए पद से इस्तीफे का ऐलान कर दिया था कि अब उनके पास काम करने के लिए ऊर्जा नहीं बची है। दुनिया की सबसे कम उम्र में महिला प्रधानमंत्री बनने वाली जेसिंडा ने न केवल कोरोना महामारी बल्कि अपने देश में आतंकी हमलों का बहादुरी से मुकाबला किया था। भारत जैसे देश के लिए तो ये ज्यादा सीख देने वाली हैं जहां कुर्सी पर बैठे लोगों के लिए न कानून कोई मायने रखता है और न ही नियम-कायदे। मामूली सड़क हादसों में हर कोई पहुंच की धौंस देता नजर आता है। नैतिकता की बातें तो हमारे यहां सिर्फ राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणा पत्रों में ही नजर आती हैं। इतना ही नहीं, बड़े-बड़े घोटालों में नाम आने पर भी राजनेता सत्ता का रौब दिखाने से नहीं चूकते। ऐसा नहीं है कि हमारे यहां राजनेता नैतिकता के आदर्श स्थापित करने वाले नहीं रहे।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य खतरे में

आज राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है।

राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव की सांध्य बेला पर सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त में मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है ।

इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है।

लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं।

## पिता प्रयोग धर्मी होतें हैं

पिता प्रयोग धर्मी होतें हैं,
और माँ की ममता भावुक।।
पिता सिर्फ समझते हैं,
कर्म और धर्म की बोली,
माँ दिल की धड़कने ।
माँ समझती हैं बेटे का हाल,
बेटे के अरमानों का आकाश ,
दिल के भीतर की हलचल,
हृदय का स्पंदन,धड़कने।
चेहरे के हाव-भाव,
दोस्तों की आवारगी,
धड़कनो की सिसकियाँ,
बढ़ते अरमानो की,
लम्बी लंबी फरमाईसे,
प्रेमिका के सपने , और
टूट जाना किसी के लिए दिल का,
माँ सब कुछ जान जाती हैं ।।
पिता होते हैं सख्त,मजबूत
निर्विकार,
कड़क,
सीधे किसी से समझौता न करने
कटिबद्ध,अनुभवी,चट्टान की तरह,
माँ होती है
भोली, नादान और सहज वात्सल्य से
ओतप्रोत, उनके चेहरे पर ही होता माँ
होंने का अहसास.
पिता के चहरे पर,
इसकी जरुरत नहीं होती।
पिता निस्पृह,कर्मयोगी होते,
माँ गंगा सी पवित्र,निर्झरिणी,
सच पिता ऊष्मा,ऊर्जा देते,
माँ शीतलता,स्निगधता, भोलापन।
पिता सदैव चट्टान की तरह होते हैं,
मां दूब की तरह नरम ओश सी
मुलायम।।
पिता आकाश की छतरी की तरह,
मां छाया की तरह शीतल, पानी की
बूंदों की तरह पवित्र।।

# सब्जियों के बढ़ते दाम, देश के मध्यम वर्ग का निकाल रहें दम



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

देश में रहने वाले ज्यादातर मध्यमवर्गीय तबके के उपर आने वाली समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं है।

दरअसल मौजूदा समय में कई तरह की समस्याओं को पहले से ही झेल रहें मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने अब सब्जियों के बढ़ते हुए दामों का नया संकट खड़ा हो गया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश में सब्जियों के तेजी से बढ़ रहें दामों का असर मध्यमवर्गीय परिवारों के उपर सबसे ज्यादा पड़ेगा।

क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवारों में 95 फीसदी से ज्यादा वहीं लोग होतें हैं, जो प्रति माह सैलरी के आधार पर कही ना कहीं नौकरी करतें हैं।

ऐसे में सब्जियों के तेजी से बढ़ते हुए दामों ने इन परिवारों के पूरे महीने के आर्थिक बजट को असंतुलित कर दिया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि मध्यम वर्ग के उपर पड़ने वाली इस महंगाई के बोझ से सरकार कैसे निजात पाएगी।

### बारिश के चलते सब्जियों की फसलों को पहुंचा था नुकसान

दरअसल इस साल मई से लेकर जुलाई तक हुई भारी बारिश और बाढ़ से टमाटर सहित अन्य सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। गौरतलब हो कि इसी साल के मई और जून के महीने में महाराष्ट्र और कर्नाटका में भारी बारिश और बाढ़ आई हुई थी जिसमें टमाटर की खेती को ज्यादा नुकसान पहुचा था। ऐसे में दो तीन महीने बाद जुलाई के महीने में सब्जियों की बाजार में आवक कम हो गई। नतीजतन देश में टमाटर के अलावा कई तरह की सब्जियों के दामों में तेजी से इजाफा देखने को मिला है।

### मानसून के बाद बाजार में सब्जियों की आवक में हुई कमी

दरअसल मौजूदा समय में देश में नासिक के बाद टमाटर बिक्री के दूसरे सबसे बड़े बाजारों में शुमार बैंगलूरू से 76 किलोमीटर दूर स्थित एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्केट कमेटी एपीएमसी में टमाटर को लेकर आने वाली ट्रकों संख्या में दो तिहाई की कमी हो गई है। इसके अलावा एपीएमसी सहित देश की अन्य प्रमुख मंडियों में भी टमाटर और अन्य सब्जियों को लेकर आने वाली ट्रकों की संख्या घटी है। ऐसे में सब्जियों के बाजार में कम होने से और उनकी मांग ज्यादा होने से इनके दामों में तीन से चार गुना की वृद्धि बीते दो तीन सप्ताह में हुई है। इतना ही नहीं सब्जियों के बढ़ते हुए दामों को नियंत्रित करने में जुटी केंद्र व राज्य सरकारें कहीं ना कहीं अभी तक असफल ही रही है। नतीजतन आम आदमी और मध्यमवर्गीय नौकरीपेशा परिवारों के उपर सब्जियों के बढ़ते दामों ने आर्थिक बोझ को पहले से ज्यादा बढ़ा दिया है।

### बीते महीनों में टमाटर सहित ज्यादातर सब्जियों के दामों में हुई बढ़ोत्तरी



### सब्जियों के बढ़े हुए दामों से किसानों को चार गुना लाभ

देश में बीते तीन चार सप्ताह के दौरान टमाटर सहित अन्य सब्जियों के दामों से देश के मध्यम व निम्नवर्गीय परिवारों को भले ही आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। लेकिन वहीं दूसरी ओर सब्जियों की खेती करने वाले कई किसानों को चार से पांच गुना का लाभ भी हुआ है। देश में कई ऐसे किसान है जिन्होंने टमाटर बेचकर करोड़ों रूपए का मुनाफा अर्जित किया। इसके अलावा कई ऐसे किसान है कि जिन्होंने सब्जियों की बिक्री से पूरे साल में होने वाली कमाई को महज एक से डेढ़ महीने में अर्जित कर लिया है। ऐसे में सब्जियों के बढ़े हुए दाम से किसानों को निश्चित तौर पर लाभ हुआ है। हालांकि कई किसान ऐसे भी है जिनको सब्जियों की खेती में भारी नुकसान भी उठाना पड़ा है। क्योंकि इन किसानों की ज्यादातर फसले तेज बारिश और बाढ़ में नष्ट हो गई थी।

### मध्यमवर्ग को सब्जियों के बढ़ते दामों से निजात दिलाने में नाकाम रहीं केंद सरकार

दरअसल देश में बीते तीन चार सप्ताह के दौरान सब्जियों के दामों में हो रही बेतहशा वृद्धि को रोकने में कहीं ना कहीं देश की केंद्र सरकार नाकाम रहीं है। गौरतलब हो कि 22 जून से 23 जुलाई के बीच सब्जियों के दामों में 207 से 211 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है। ऐसे में जिन सब्जियों के दामों में गुजरे एक माह के दौरान वृद्धि हुई है उनमें आलू दाम में 4 फीसदी की वृद्धि हुई है।

इसके अलावा प्याज के मूल्य में एक महीने के दौरान तकरीबन 31 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है। वहीं टमाटर के दामों में जून से जुलाई माह के बीच कुल 207 फीसदी की वृद्धि हुई थी। जबकि बैगन की सब्जी में 167 फीसदी की वृद्धि और पत्तागोभी में 211 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा लौकी में जहां सौ फीसदी की वृद्धि हुई है वहीं हरी मिर्च में 61 फीसदी की वृद्धि हुई है। लेकिन एक तरफ जहां इन सब्जियों के दाम लगातार बढ़ते जा रहें हैं। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की ओर से सब्जियों के बढ़ते हुए दामों को नियंत्रित करने की लगातार कोशिशों के बाद भी सब्जियों के दामों में कोई भी कमी नहीं आ सकी है।

### महंगाई की मार झेलने को विवश देश का मध्यम वर्ग

दरअसल कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि अभी आने वाले एक दो महीनों तक सब्जियों के दामों में उछाल बना रहेगा। इसके पीछे विशेषज्ञों ने बताया कि अभी बाजार में सब्जियों की आवक कम है, नतीजतन हाल फिलहाल में सब्जियों के दाम घटने की संभावनाएं बहुत कम है। हालांकि कृषि विशेषज्ञों की माने तो आने वाले दो तीन महीने बाद सब्जियों की फसलों की नई खेप की मार्केट में आवक होने के बाद से सब्जियों के दामों में कमी होने की संभावनाएं जरूर बढ़ सकती हैं। लेकिन मौजूदा समय में सब्जियों के बढ़े हुए दामों ने आम आदमी यानी मध्यमवर्गीय परिवारों के आगे की थाली में से सब्जियों को लगभग हटा दिया है। हालांकि अब भी देश का मध्यमवर्गीय समुदाय केंद्र सरकार की ओर से सब्जियों में कमी किए जाने की उम्मीद लगाए हुए बैठा है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
गुरुवार 27 जुलाई 2023
www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी का सर्वे कर रहे साइंटिस्ट को किया तलब

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर में सर्वे कराये जाने के मामले में दाखिल अंजुमने इंतजामिया कमेटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वैज्ञानिक को बुधवार शाम साढ़े चार बजे तलब किया है। मुख्य न्यायधीश प्रीतिंकर दिवाकर की अदालत एएसआई से यह स्पष्ट करना चाहती है कि सर्वे के दौरान क्या कोई क्षति हो सकती है। कोर्ट इस मामले में एएसआई से उस विधि को जानना चाहती है, जिसके जरिये एएसआई सर्वे कर रही है। कोर्ट सर्वे सिस्टम का डेमो भी देखेगी। इसके पहले सुनवाई के दौरान मस्जिद पक्ष की ओर से कहा गया कि सर्वे से संरचना को क्षति हो सकती है। जिला जज को सर्वे कराये जाने का अधिकार नही है। यह आदेश गलत है जिसके जवाब में मंदिर पक्ष की ओर से जवाब दिया गया कि सर्वे के बाद ही मंदिर के स्ट्रकचर का सही पता चल सकता है। एएसआई दो तकनीकों के माध्यम से सर्वे कर रही है। उसमे फोटोग्राफी, इमैजिंग करेगी। किसी तरह की क्षति नही होगी।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बिजनौर।** बिजनौर के स्योहारा इलाके में ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र का है। जहां के हयात नगर के रहने वाले अरमान का 20 वर्षीय बेटा चंडीगढ़ में रहकर काफी दिनों से काम करता है। बताया जा रहा है कि देर रात समीर ट्रेन वापस अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह लगभग ढाई बजे स्योहारा पहुंचा तभी ट्रेन से उतरते समय उसका ट्रेन से पैर फिसलने के चलते उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक की मौत की खबर जैसे क्षेत्र के लोगों को मिली। दर्जनों लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

### मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** मणिपुर हो रही हिंसा और महिलाओं के साथ अमानवीय घटनाओं को लेकर शाहजहांपुर नायक टाइगर फोर्स के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन में स्थानीय मुद्दों को लेकर भी मांगे रखी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होना और बिजली कटौती को लेकर नारेबाजी की गई। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि मांगे जल्द पूरी नही की गईं तो आगे की रणनीति तय की जाएगी। जिलाध्यक्ष मनोज वर्मा ने पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया गया। उन्होंने बताया कि मणिपुर में पिछले काफी समय से हिंसा हो रही है। वहां की महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है। साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों को खोदा गया, लेकिन उन गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई। जिससे लोगों को आने-जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रयागराज में करंट से युवक की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में धूमनगंज थाना क्षेत्र में एचटी लाइन की चपेट में आने से एक प्राइवेट वाहन चालक की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। जिस युवक की मौत हुई परिवार के लोग इस बार नवंबर दिसंबर में उसकी शादी की तैयारी कर रहे थे। नगर के धूमनगंज थाना अंतर्गत राजरूपपुर मोहल्ला निवासी राकेश कुमार श्रीवास्तव मूल रूप से हरीवल्लभपुर घूरी, खागा, फतेहपुर के रहने वाले हैं। वह राजरूपपुर के कालिंदीपुरम में अपना मकान बनाकर रहते हैं। उनके तीन बेटे हैं। दूसरे नंबर का बेटा शिवांशु श्रीवास्तव (27) प्राइवेट वाहन चलाता था। वह मंगलवार को घर से करीब 200 मीटर दूर एचटी लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया था। परिवार के लोग उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए। जहां इलाज के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई। मां प्रिया देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। धूमनगंज के राजरूपुर चौकी इंचार्ज राजीव कुमार ने बताया कि करंट की चपेट में आने से युवक की जान चली गई है। लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

### बलिया में पुलिस ने 2 शातिर चोरों को पकड़ा

**बलिया।** बलिया की सिकन्दरपुर थाना पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी का ऑटो रिक्शा बरामद किया गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। सिकन्दरपुर थानाध्यक्ष दिनेश पाठक मय टीम के मुखबिर की सूचना पर चेकिं कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पप्पू चौहान पुत्र दद्दू चौहान निवासी खेजुरी और पिन्टू साहनी पुत्र छवीला साहनी निवासी पुरूषोत्तम पट्टी को चेतन किशोर गेट से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर एक ऑटो रिक्शा वाहन को गांव जीराबस्ती मेन रोड थाना सुखपुरा से बरामद किया गया। बांसडीह पुलिस ने बुधवार के दिन 3 वारंटियों को उनके घर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को सुसंगत धाराओं के तहत पेश न्यायालय कर दिया। वहीं, प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने गैर जमानतीय वारंट संबंधी तीन वारंटी अभियुक्तों रामेश्वर पुत्र गोरख, परमात्मा पुत्र गोरख, आत्मा पुत्र परशुराम समस्त निवासीगण राजपुर थाना बांसडीह बलिया के घर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारन्टी अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करके न्यायालय में पेश किया गया।

### ललितपुर में लूट के आरोप में 3 गिरफ्तार

**ललितपुर।** ललितपुर पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो तमंचा ,चाकू व अन्य उपकरण बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 22 जुलाई को दिनदहाड़े कपड़ा व्यापारी के घर में घुसकर व्यापारी के पुत्र के हाथ-पैर बांधकर और मुंह पर टेप लगाकर लूट का प्रयास किया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने 22 जुलाई को कपड़ा व्यापारी के घर में घुसे बदमाशों की घटना का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि कोतवाली पुलिस पनारी रोड पर माऊमाफी तिराहे पर गश्त कर रही थी। तभी तीन युवक पकड़े गए, पकड़े गए युवकों ने 22 जुलाई को कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला रावरपुरा निवासी कपड़ा व्यापारी सचिन जैन के घर में घुस गए थे। घटना को अंजाम देते उससे पहले व्यापारी का पुत्र आ गया था। जिसके बाद उसके हाथ-पैर बांध दिए थे और मुंह टेप से बंद दिए थे ,लेकिन उसके चिल्लाने पर परिजन आ गए थे। जिसके बाद वह भाग निकले थे। पकड़े गए एक युवक ने अपना नाम आनंद श्रीवास पुत्र बालमुकुंद निवासी आजादपुरा व ग्राम कल्याणपुरा निवासी विनय बसोर व लालाराम बताया ।

### आगरा में वंदे भारत ट्रेन पर फिर पथराव

**आगरा।** वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की घटना रुक नहीं रही है। बुधवार को कमलापति स्टेशन भोपाल से निजामुद्दीन जा रही वंदे भारत पर आगरा रेल मंडल में पथराव हुआ है। पथराव से कोच के शीशे टूट गए गए हैं। इससे पहले भी ट्रेन की 16 खिड़कियों को बदला जा चुका है। वंदे भारत ट्रेन को पत्थरबाजों की नजर लग गई है। भोपाल से निजामुद्दीन स्टेशन के बीच चलने वाली वंदे भारत पर पहले भी पत्थर बाजी हो चुकी है। बुधवार को एक बार फिर से आगरा रेल मंडल के मनिया और जाजऊ स्टेशन के बीच में ट्रेन पर पथराव हुआ है। पथराव में सी-7 कोच के सीट नंबर 13 -14 का शीशा टूट गया है। सूचना पर रेलवे की टीम मौके पर पहुंची। आगरा रेल मंडल की पीआरओ को कहना है कि ट्रेन पर पथराव की सूचना मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है। किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई है। ट्रेन के एग्जीक्यूटिव और चेयरकार कोच पर कई बार पत्थरबाजी हो चुकी है। पीएम मोदी ने ट्रेन को 1 अप्रैल को भोपाल के कमलापति स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर नई दिल्ली के लिए रवाना किया था।

# वैश्विक मंच पर दुनिया ने किया था भारत की सैन्य ताकत का अहसास: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री ने कारगिल में शहीद हुए योद्धाओं को दी श्रद्धांजलि**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध विषम परिस्थितियों में लड़ा गया था। मई 1999 में प्रारंभ हुआ यह युद्ध 26 जुलाई को औपचारिक कारगिल विजय दिवस के रूप में घोषित कर घुसपैठिए पाकिस्तानी सैनिकों को भारत की धरती से खदेड़ने में हमें सफलता प्राप्त हुई थी। वैश्विक मंच पर दुनिया ने एक बार फिर से भारत की सैन्य ताकत का अहसास किया था। 1999 में कारगिल, इसके पूर्व के सभी युद्धों व इसके उपरांत भी सीमाओं की रक्षा करने वाले भारत मां के वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के सदस्यों का अभिनंदन करता हूं, जो परिवार के सदस्यों को खोने के बाद भी मातृभूमि के प्रति बिना डिगे, बिना झुके इसे निरंतर बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। सीएम ने कारगिल में शहीद हुए योद्धाओं की प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही पूरे प्रदेशवासियों को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी।

**अमर शहीदों के परिजनों को सीएम ने किया सम्मानित**

1- परमवीर चक्र विजेता मनोज पांडेय के पिता गोपीचंद पांडेय
2- अमर शहीद मेजर रितेश शर्मा के पिता सत्यप्रकाश शर्मा
3- लांस नायक केवलानंद द्विवेदी की पत्नी कमला द्विवेदी
4- अमर शहीद राइफलमैन सुनील जंग की मां वीना महत

#### नए भारत में हर नागरिकों को सुरक्षा की गारंटी है

सीएम ने कहा कि आज नए भारत में हम पीएम मोदी के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। यह नया भारत, जिसमें हर नागरिकों को सुरक्षा की गारंटी है। जिस भारत में आतंकवाद, नक्सलवाद व घुसपैठ की जगह नहीं है। हर व्यक्ति को समान रूप से जीवन जीने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। देश के विकास के लिए न केवल केंद्र व राज्य सरकारें, बल्कि प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर कार्य करते हुए लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन सभी तबके तक पहुंच रहे हैं, जो आजादी के बाद उपेक्षित थे।

#### नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तो 2047 तक दुनिया की बड़ी ताकत होगा भारत

सीएम ने बताया कि कैप्टन मनोज पांडेय के नाम पर देश के पहले सैनिक स्कूल का नामकरण किया गया। मेजर आदित्य मिश्रा, मेजर रितेश शर्मा, लांस नायक केवलानंद द्विवेदी, लांस नायक सुनील जंग के परिवार वालों का अभिनंदन करता हूं। सीएम ने कहा कि यदि हम नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करते हैं तो भारत आदरणीय पीएम के विजन के अनुरूप 2047 में दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में स्थापित होगा। इस दौरान प्रदेश सरकार के वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, अवनीश सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्रावस्ती में राप्ती नदी का बढ़ा जलस्तर

**आधा दर्जन गांव के पास पहुंचा पानी**



श्रावस्ती। नेपाल के पहाड़ी इलाकों पर हुई भारी बारिश से श्रावस्ती में राप्ती नदी का जल स्तर बढ़कर 60 सेमी के पार पहुंच गया। जिसके कारण राप्ती नदी के रौद्र रूप से आधा दर्जन गांवों तक पानी पहुंच गया है। राप्ती के कहर से जमुनहा भिनगा मार्ग कट गया है। तो वहीं कुछ लोगों के घरों में भी पानी पहुंच गया है। जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। हालांकि जलस्तर अभी ठहरा हुआ है। जिसके चलते लोगों ने राहत की सांस ली है।
श्रावस्ती में बीते मंगलवार को नेपाली कुसुम नदी से छोड़े गए पानी और हुई बरसात के कारण रात के करीब 8ः00 बजे तक राप्ती नदी का जल स्तर खतरे के निशान को करीब 80 सेंटीमीटर पार कर चुका था। जिसके बाद राप्ती नही अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दी। जिले के तटवर्ती इलाकों की करें, तो असरफ नगर और लौकिहवा गांव के अंदर पानी पहुंच चुका है। वहीं आधा दर्जन गांव को जाने वाले मार्ग पर बाढ़ का पानी चलने लगा है। हालांकि सुबह जलस्तर कम होकर खतरे के निशान के पार 60 सेमी पर पहुंच गया है। जो अभी स्थिर बना हुआ है। लेकिन पानी के दबाव के कारण जमुनहा भिनगा मार्ग बीच से कट गया है। जिसके कारण मार्ग को फिलहाल के लिए बंद कर दिया गया है।
लेकिन इन सबके बीच सवाल फिर वही की जो पिछले साल श्रावस्ती ने बाढ़ की तबाही झेली थी। उस समय राप्ती का कहर इस कदर देखने को मिला था।

# बाराबंकी में मासूम के साथ दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना प्रकाश में आयी है। बच्ची को गंभीर हालत में महिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र में पांच साल की मासूम बच्ची के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। पुलिस और परिजनों को बच्ची आज सुबह गन्ने के खेत में गंभीर हालत में मिली। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम बच्ची घर के पास ही अचानक लापता हो गई। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो उसका पता नहीं लगा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।
पुलिस और परिजन बच्ची को खोजते हुए गांव के बाहर गए तो गन्ने के एक खेत के पास वह गंभीर हालत में पड़ी मिली। पता चला की बच्ची के साथ गांव के एक युवक ने दरिंदगी की है।

# आगरा में पिता और भाइयों के हत्यारे गिरफ्तार

**सगे भाइयों ने जमीन के लिए अपने पिता और दो भाईयों की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के कागारौल क्षेत्र में ढाई बीघा जमीन के लिए अपने पिता और दो सगे भाइयों की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने बुधवार सुबह गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से वारदात में प्रयोग हुए हथियार भी बरामद कर लिए गए।
पुलिस कमिश्नर डॉ. प्रीतिंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी को कई टीमें लगाई गई थीं। पुलिस ने दो आरोपी विजय प्रकाश उर्फ करुआ और हरवीर उर्फ कान्हा को गिरफ्तार कर लिया है। प्रथम दृष्टया इन दोनों के



ही द्वारा हत्याकांड को अंजाम देने की बात निकलकर आई है।
कागारौल के गांव गढ़ी कालिया में मंगलवार को जमीन के हिस्से को बांटने को लेकर पांच भाइयों के बीच हो रही पंचायत में खूनी संघर्ष हो गया था। सगे भाइयों ने जमीन के लिए अपने पिता राजेंद्र, भाई सोम प्रकाश और हेमराज की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। सोम प्रकाश और हेमराज की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि पिता राजेंद्र ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था।
हत्या के बाद तीनों भाई फरार हो गए थे। हत्याकांड की जानकारी राजेंद्र के बेटे भानु की पत्नी आरती ने पुलिस को दी थी। जिस समय ये वारदात हुई, उस समय घर में उन छह लोगों के अलावा केवल भानु की पत्नी मौजूद थी। उसकी सूचना पर ही पुलिस पहुंची। जिस समय सगे भाई अपने पिता और भाइयों के खून के प्यासे बन गए थे, उस समय आरती भी थी। वो डर गई। उसने अपने आप को घर में बंद कर लिया था। पुलिस जब घर पहुंची तो सन्नाटा पसरा था। कमरे में पिता और दोनों भाई लहूलुहान पड़े थे। पुलिस ने आवाज लगाई तब आरती ने डरते हुए दरवाजा खोला था। वो बहुत घबराई हुई थी। उसने ही पुलिस को घटना के बारे में पूरी जानकारी दी।
पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस ने हत्याकांड में शामिल हथियार दरांती को भी बरामद कर लिया है। आगे की विवेचना जारी है।

# भदोही में हत्या के मामले में छह को उम्रकैद

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की एक अदालत ने ग्राम प्रधान की हत्या के मामले में दोषी छह अभियुक्तों को उम्रकैद और दस दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है।
जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक विनय कुमार बिंद ने बुधवार को बताया कि भदोही कोतवाली इलाके के ग्राम सभा मानिकपट्टी में वर्ष 2012 में ग्राम प्रधान रहे भागीरथी चौधरी की ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय ईयाईं पर चुनावी रंजिश में बाइक सवारों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।
इस मामले में भदोही कोतवाली पुलिस ने भागीरथी चौधरी के भतीजे संदीप कुमार की तहरीर पर कुल छह लोगों पर



मुकदमा दर्ज किया था। तहरीर में संदीप कुमार ने बताया था कि मानिकपट्टी के पाठकपुर किशुनपुर टेकारी निवासी श्रीधर पाठक, उसके चाचा भागीरथी चौधरी के सामने प्रधानी का चुनाव लड़े थे। 12 वोट से श्रीधर पाठक चुनाव हार गये थे। इसी चुनावी रंजिश को लेकर ही भागीरथी चैधरी की हत्या कर दी गई थी। भागीरथी चौधरी के भतीजे संदीप कुमार की तहरीर पर भदोही कोतवाली पुलिस ने श्रीधर पाठक सहित चैरी के वेदमनपुर निवासी मोहम्मद इकबाल हुसैन, सुरियावां के कोछियां निवासी शैलेश दुबे, दुर्गागंज के हरदुआं निवासी प्रमोद सिंह, जौनपुर के नेवढ़िया अटरिया निवासी रवि सिंह उर्फ नाटे व सुरियावां के झिंगटेपुर निवासी इमरान के खिलाफ धारा 302, 149, 120 बी व एससी/एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया था।
अब न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए इन सभी 6 हत्यारोपियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक आरोपियों को 10-10 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया है।

### फर्रुखाबाद में किसान की हत्या

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मेरापुर क्षेत्र में बुधवार को पैसे के लेनदेन के विवाद में खेत की रखवाली कर रहे किसान की सोते समय हत्या कर दी गयी। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम बिछौली निवासी राकेश (48) बीती रात विनोद यादव के खेत की रखवाली करने के लिए गया था। आज प्रात: करीब सात जब परिजन खेत पर पहुंचे तो उन्होंने राकेश को मृत अवस्था में खून से लथपथ पड़ा देखा। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष एवंफौरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।

# ससुर ने की बहू की हत्या

गोरखपुर। गोरखपुर में एक विधवा महिला की सिर पर फावड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। उसके सिर पर हमला उसके ही बड़े ससुर ने किया। ससुर का अपनी ही बहू से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर अक्सर परिवार में विवाद भी होता था। जिस वक्त यह घटना हुई, उस वक्त महिला के बच्चे स्कूल गए हुए थे। बहू और ससुर में इसी बात को लेकर बहस हो गई। जिसपर ससुर ने हमला कर दिया। सिर पर गहरी चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना पिपराइच इलाके के तुलसीदेई गांव की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की पड़ताल में जुट गई। उधर, खबर है कि हत्या के बाद आरोपी ससुर खुद थाने पहुंचकर सरेंडर भी कर दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।
वहीं, घटना के बाद मृतका रीमा के बेटे सुदीप चौररिया ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। उसने हत्यारोपी संतराज समेत दुबई की पत्नी कलावती और अपनी चाची नीलम देवी पर संपत्ति हड़पने के लिए साजिशन हत्या का आरोप लगाया है। स्क्र नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया, महिला का उसके ससुर से अवैध संबंध की बात सामने आई है। केस दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है।

### आजमगढ़ में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर निलंबित

आजमगढ़। आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य ने जिले के जीयनपुर थाना क्षेत्र में तैनात ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राम अधार पाल को निलंबित कर दिया है। राम अधार पाल के विरूद्ध लगातार शिकायत मिल रही थी की थ्री व्हीलर को लाइन में लगवा कर वसूली करते थे। इसके साथ ही आस-पास के लोगों को चालान के नाम पर धमकाते थे। जांच में यह सारे आरोप सच पाए गए जिसके आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई। इस घटना से दो दिन पूर्व फूलपुर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर विपिन सिंह पर फरियादी के साथ मारपीट और गाली-गलौच का वीडियो वायरल हुआ था। घटना का वीडियो सामने आते ही जिले के एसपी अनुराग आर्य ने आरोपित सब इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर करने के साथ मामले में विभागीय जांच के निर्देश दिए थे। इस मामले में एसपी ट्रैफिक संजय कुमार ने आरोपित ट्रैफिक के सब इंस्पेक्टर राम अधार पाल पर थ्री व्हीलर को लाइन में लगवाकर वसूली करने का आरोप है।

# हरदोई में ट्रक और कंटेनर की भीषण टक्कर, 2 की मौत

हरदोई। हरदोई में मल्लावां मेहंदी घाट मार्ग पर नारायणमऊ पुलिया के पास मंगलवार की देर रात ट्रक और कंटेनर की भिड़ंत में ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। जेसीबी मशीन से वाहनों को अलग करके दोनों को निकाला गया और कन्नौज के अस्पताल भेजा गया, जहां दोनों की मौत हो गई।
मल्लावां से मेहंदी घाट जाने वाले मार्ग पर नारायणमऊ पुलिया के पास देर रात





मल्लावां की ओर से जा रहा ट्रक और मेहंदी घाट की ओर से आ रहे कंटेनर की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण हुई कि दोनों वाहनों के आगे के हिस्से के परखचे उड़ गए। ट्रक और कंटेनर चालक और क्लीनर बुरी तरीके से फंस गए। सूचना पर कोतवाल शेषनाथ सिंह मौके पर पहुंचे।

#### घायलों का जिला अस्पताल में हो रहा इलाज

जेसीबी मशीन से दोनों वाहनों को अलग करके चालकों और खलासी को निकाला गया। गंभीर हालत में जिला अस्पताल कन्नौज में भर्ती कराया गया, जहां दो की मौत हो गई। इनमें से चालक हरदोई के बघौली थाना क्षेत्र का गुड्डू बताया गया है। मल्लावां थाना क्षेत्र के कल्याणी नदी के पास ये हादसा हुआ। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि मल्लावां थाना क्षेत्र में देर रात दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई। घायलों का कन्नौज के जिला अस्पताल में चल रहा इलाज।

# दरोगा ने सरकारी पिस्टल से खुद को मारी गोली

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस लाइन में तैनात दरोगा ज्ञान कुमार (54) ने बुधवार सुबह सरकारी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने आत्मघाती कदम लखनऊ के न्यू हैदराबाद स्थित घर में उठाया। ज्ञान देने से पहले अपने साले को फोन कर जानकारी दी थी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। परिजन घटना को लेकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। पुलिस घटना के पीछे बीमारी और पारिवारिक कलह के बिंदु पर जांच पड़ताल कर रही है।

> ▸ परिजन घटना को लेकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, पुलिस घटना के पीछे बीमारी और पारिवारिक कलह के बिंदु पर जांच पड़ताल कर रही है।

मूल रूप से कन्नौज के तिलसारी निवासी ज्ञान कुमार सिंह के बेटे ध्रुव ने बुधवार सुबह महानगर थाने पर सूचना दी कि उसके पिता का फोन नहीं उठ रहा है। उन्होंने मामा समेत कई रिश्तेदारों को रात करीब 12 बजे फोन किया था। बेटे ने कहा कि पापा ने मेरे मामा यानी अपने साले को अंतिम संस्कार की तैयारी करने की बात कही थी।
इसके बाद पुलिस ने अनहोनी की आशंका पर उनके न्यू हैदराबाद स्थित घर में जाकर पड़ताल की। जहां कमरे की खिड़की से अंदर देखने पर उनका शव चारपाई पर पड़ा दिखा।
पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला।
शव देखकर पत्नी गीता गश खा गई। जिन्हें परिजनों ने संभाला। परिजनों ने घटना को लेकर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। वहीं पोस्टमॉर्टम में पहुंचे। परिजनों ने पहले दुर्घटना और बाद में कोई पोस्टिंग न मिलने से परेशान होने की बात कही।
साढ़ू के मुताबिक, ज्ञान ने रात को अधिकतर रिश्तेदारों को फोन किया, लेकिन देर रात होने के चलते सबके सो जाने से फोन रिसीव नहीं हुए। सुबह मिस्ड कॉल देखकर फोन मिलाने पर रिसीव न होने पर एक दूसरे से संपर्क किया गया।
जिसके बाद घटना की जानकारी हुई। ज्ञान के परिवार में उनकी पत्नी गीता, बेटे ध्रुव व सुमित और एक विवाहित बेटी है।

### पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

**अमेठी ।** अमेठी में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे धड़ पकड़ अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली। जहां पीपरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग मोटर साइकिल पर सवार दो शातिर बाइक चोरों को हारीपुर घटकौर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। चोरों की निशानदेही पर घटकौर के जंगल से चोरी की एक और बाइक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों चोरों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। मामला पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर घटकौर तिराहे का है। जहां आज सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुल्तानपुर जिले के रहने वाले दो शातिर बाइक चोर राम मिलन चौहान और सुशील कुमार प्रजापति चोरी की बाइक के साथ मौजूद है।

# हरदोई में प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

एजेंसी

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक प्रेमी युगल ने एक ही दुपट्टे में पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। आशंका है कि परिवार दोनो के रिश्ते से राजी नही था इसलिए दोनो ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
घटना की सूचना पाकर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस फिलहाल दोनो की एक साथ मौत के बाद परिजनों से जानकारी करने में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महसोनामऊ गांव में आज सुबह ग्रामीणों ने करीब नौ बजे एक खेत में खड़े नीम के पेड़ से एक प्रेमी जोड़े का शव लटकता देख पुलिस को सूचित किया।
आनन-फानन में महसोनामऊ गांव के प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। दोनो के शव एक ही दुप्पटे को काटकर बनाये गए फंदे में लटके हुए थे। मृतक की पहचान शहर कोतवाली के कुदौली गांव निवासी सतीश चंद्र के पुत्र अनूप के तौर पर हुयी। युवक नोएडा में रहता था और पिछले तीन महीने से नोएडा में था।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
गुरुवार 27 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### 'असम में बीवीएफसीएल को बंद नहीं किया जायेगा'

**गुवाहाटी।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने आश्वासन दिया है कि असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) को बंद नहीं किया जाएगा। संयंत्र के भविष्य के बारे में चिंताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसके बजाय इसका आधुनिकीकरण किया जाएगा और एक नैनो यूरिया संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य क्षेत्र में लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। किसी भी संदेह को दूर करने के लिए मंडाविया ने पुष्टि की कि उन्होंने इस मामले पर अपने कैबिनेट सहयोगी सर्बानंद सोनोवाल के साथ चर्चा की है, और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ भी बातचीत की है। यह स्पष्टीकरण असम में बीवीएफसीएल के संभावित बंद होने की पूर्व रिपोर्टों के जवाब में आया है। आंदोलन तब शुरू हुआ जब केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने खुलासा किया कि एक समिति ने खराब उर्वरक संयंत्र को बंद करने की सिफारिश की थी।

### एक्सिस बैंक का मुनाफा 40 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एक्सिस बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में 5797.10 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4125.26 करोड़ रुपये की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 11959 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही की शुद्ध ब्याज आय की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा कि नयी पीढ़ी का बैंक बनाये जाने पर पूरा जोर दिया जा रहा है जिससे ग्राहकों को सीमलेस बैंकिंग सॉल्यूशन मिल सकेगा। बैंक की डिजिटल क्षमता का लगातार विस्तार किया जा रहा है और ग्राहकों के लिए बेहतर उत्पाद बनाये जा रहे हैं।

### आरईसी का मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। पावर क्षेत्र को वित्त उपलब्ध कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी आरईसी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 2961 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2447 करोड़ रुपये की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन ने आज यहां निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुये कहा कि आरईसी का प्रर्दशन बेहतर बना हुआ है। कंपनी तीन लाख करोड़ के ऋण उपलब्ध कराने के करार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि दिये गये ऋण पर 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही में ब्याज आय 10465 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 9262 करोड़ रुपये की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही में 90797 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किये गये हैं जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 58895 करोड़ रुपये के ऋण की तुलना 52 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के ऋण में 16 प्रतिशत हिस्सेदारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की है।

### आईडीबीआई बैंक के पहली तिमाही के लाभ में 62 प्रतिशत का उछाल

**नयी दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2023- 24 की पहली तिमाही में 1,224 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दिखाया है जो सालाना आधार पर 62 प्रतिशत ऊंचाहै। इस दौरान कंपनी के कर्ज की गुणवत्ता में अच्छा खासा सुधार दिखा। बैंक के बुधवार को जारी परिणाम के अनुसार उसका परिचालन लाभ भी साल-दर-साल आधार पर 47 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के साथ 3,019 करोड़ रुपये रहा। बैंक की शुद्ध ब्याज मार्जिन(एनआईएम) प्रतिशत 1.78 अंक की वृद्धि के साथ 5.80 प्रतिशत और शुद्ध ब्याज आय 61 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 3,998 करोड़ रुपये रही। बैंक की विज्ञप्ति के अनुसार आलोच्य तिमाही में उसकी जमा की लागत 4.12 प्रतिशत रही। बैंक का पूंजी और जोखिम भारित सम्पत्ति का अनुपात (सीआरएआर) प्रतिशत 0.76 अंक की सालाना वृद्धि के साथ 20.33 प्रतिशत रहा। संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) प्रतिशत 0.46 अंक की वृद्धि 1.49 प्रतिशत रहा। इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) सालाना आधार पर प्रतिशत 3.38 अंक की वृद्धि के साथ 18.63 प्रतिशत रहा।

### मेटा के अध्यक्ष निक क्लेग अश्विनी वैष्णव और धर्मेंद्र प्रधान से मिले

**नई दिल्ली।** मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात के बाद वैष्णव ने कहा, व्हाट्सएप और ओपन सोर्स लामा मॉडल पर उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए सहयोग पर निक क्लेग के साथ अच्छी चर्चा हुई। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष और ब्रिटेन के पूर्व उपप्रधानमंत्री निक क्लेग ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी मुलाकात की। मंत्री ने मेटा को देश की आबादी को सशक्त बनाने के लिए उद्यमिता, डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया को मजबूत करने के लिए आमंत्रित किया। प्रधान ने ट्वीट किया, मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष सर निक क्लेग से मिलकर खुशी हुई। भारत के प्रतिभा आधार, तकनीकी-नवाचारों, उद्यम की बढ़ती भावना के साथ-साथ कौशल प्रयासों के बारे में अच्छी बातचीत हुई। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण के अनुसार भारत की आबादी को सशक्त बनाने के लिए उद्यमिता के साथ-साथ डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया मिशन को मजबूत करने के लिए मेटा को आमंत्रित किया।

### महिंद्रा समूह ने आरबीएल बैंक में 4.9 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी, शेयरों में 7 फीसदी से अधिक का उछाल

नई दिल्ली। महिंद्रा समूह की एक इकाई ने खुले बाजार के रास्ते से आरबीएल बैंक में लगभग 4.9त्न हिस्सेदारी हासिल की है। आरबीआई के नियमों के तहत, अगर किसी बैंक में किसी एक कंपनी की शेयरहोल्डिंग 5त्न तक पहुंच जाती है, तो आगे किसी भी हिस्सेदारी खरीद के लिए आरबीआई की मंजूरी की जरूरत होती है। इस खरीदारी के बाद बीएसई पर आरबीएल के शेयर 16.10 रुपये (7.21 प्रतिशत) चढ़कर 239.40 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए। बता दें कि महिंद्रा समूह की कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के माध्यम से वित्तीय सेवाओं के कारोबार में मौजूद है। दिसंबर 2021 में आरबीएल बैंक की वित्तीय स्थिति पर चिंताओं के बीच आरबीआई ने अपने मुख्य महाप्रबंधक योगेश के दयाल को आरबीएल बैंक के बोर्ड में अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया था, जबकि तत्कालीन सीईओ विश्ववीर आहूजा छुट्टी पर चले गए थे। बाद में बैंक के बोर्ड ने राजीव आहूजा को अंतरिम प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया था। बैंकिंग दिग्गज आर सुब्रमण्यकुमार आरबीएल बैंक के वर्तमान प्रबंध निदेशक और सीईओ हैं।

### रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स का नाम बदलकर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज हुआ

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी इकाई रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स का नाम बदलकर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज कर दिया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली आरआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी की मुंबई पीठ की ओर से 28 जून 2023 को दिए गए आदेश के तहत मंजूर योजना के खंड 20 के संदर्भ में और कंपनी पंजीयक, मुंबई से 25 जुलाई, 2023 को जारी निगमन प्रमाण पत्र के अनुसार कंपनी का नाम रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड से बदलकर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड कर दिया गया है। बुधवार को बीएसई पर आरआईएल के शेयर 40.20 रुपये ( 1.62 ) की बढ़त के साथ 2,526.00 रुपये के भाव पर कारोबार करते दिखे।

# टाउनशिप का निर्माण करने वाले निजी डेवलपर्स को मिलेंगे इंसेंटिव्स

लखनऊ। नई टाउनशिप पॉलिसी 2023 के तहत निवेश करने वाले निजी विकासकर्ताओं को योगी सरकार विभिन्न तरह के इंसेंटिव्स प्रदान करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ऐसे विकासकर्ताओं को सबसे बड़ी राहत भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में मिलेगी। पांच लाख से अधिक और 10 लाख से कम आबादी वाले नगरों में टाउनशिप बनाने पर भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में 25 प्रतिशत, जबकि पांच लाख से कम आबादी वाले नगरों में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में शहरीकरण की नई चुनौतियों को देखते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को अफोर्डेबल हाउसिंग मुहैया कराने, शहरों के पेरीफेलर क्षेत्रों में अव्यवस्थित विकास को नियंत्रित करने, शहरी नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के साथ ही निवेश जुटाने के लक्ष्य के साथ योगी सरकार ने इस नीति का निर्धारण किया है। नीति के तहत टाउनशिप के विकास के लिए निजी विकासकर्ता पात्र होंगे।

नीति के अनुसार, टाउनशिप का



क्षेत्रफल 50 एकड़ से कम होने पर केवल आवासीय उपयोग में ही अनुमति प्रदान की जाएगी। वहीं, टाउनशिप का क्षेत्रफल 50 एकड़ या इससे अधिक होने पर कृषि उपयोग में भी अनुमति प्रदान की जाएगी, जिसके लिए नियमानुसार आवासीय में भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जाएगी। आवासीय के अतिरिक्त अन्य उपयोग की भूमि भी योजना में सम्मिलित होने की दशा में महायोजना मार्गों की भूमि को छोड़कर बाकी उपयोगों की भूमि को %स्वैपिंग किया जाना अनुमन्य होगा, जिसके लिए भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क देय नहीं होगा।

केन्द्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्द्धन व आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति (एफडीआई पॉलिसी) के अनुसार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सुविधा भी अनुमन्य होगी। इसके अतिरिक्त, परियोजना से संबंधित विभिन्न स्वीकृतियों के लिए ग्रीन चैनल की व्यवस्था की जाएगी जिसके अंतर्गत समस्त स्वीकृतियां, अनापत्तियां सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से निर्गत की जाएंगी। टाउनशिप के क्षेत्रफल में विस्तार अनुमन्य होगा, जिसकी स्वीकृति उपाध्यक्ष या आवास आयुक्त स्तर से देय होगी। लाइसेंस निर्गमन एवं ले-आउट प्लान अनुमोदन की सरलीकृत प्रक्रिया निर्धारित है तथा कार्यवाही के लिए उपाध्यक्ष, आवास आयुक्त अधिकृत होंगे। विकासकर्ता को एक ही विकास क्षेत्र में एक से अधिक लाइसेंस प्राप्त करने तथा एक से अधिक कंसोर्शियम में सदस्य बनने की सुविधा अनुमन्य होगी।

सूत्रों ने बताया कि लाइसेंस एरिया के अंतर्गत विकास, निर्माण संबंधी पूर्ण अधिकार केवल डेवलपर, कंसोर्टियम को होंगे। यानी लाइसेंस के लिए प्रस्तावित क्षेत्र में लाइसेंसधारक विकासकर्ता, कंसोर्टियम के अतिरिक्त किसी अन्य भू-स्वामी या आवेदक द्वारा प्रस्तुत मैप को प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाएगा तथा शासकीय अभिकरणों द्वारा क्षेत्र में अनधिकृत विकास, निर्माण को भी नियंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही टाउनशिप हेतु लैंड असेंबली के लिए विकासकर्ता, कंसोर्टियम द्वारा भू-स्वामियों, किसानों से लैंड पूलिंग एग्रीमेंट तथा डेवलपर एग्रीमेंट कर सकेगा।

## राजस्थान ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में बनता जा रहा है मॉडल स्टेट

जयपुर। राजस्थान प्रदेश में उद्योग लगाने की प्रक्रिया को आसान करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जाने से ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में मॉडल स्टेट बनता जा रहा है ।

राज्य में उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को आसान करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं और इसके तहत राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से क्षेत्रीय अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र में विस्तार करते हुए ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस की राह में विशेष पहल की गई है।

मंडल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल के अनुसार राज्य में मंडल के क्षेत्रीय अधिकारियों के अधिकार क्षेत्रों को विस्तृत करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है ताकि राज्य में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाकर उद्योग लगाने को सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्यमियों को प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में नियमानुसार कार्य करने एवं मौजूदा भौगोलिक एवं पारिस्थितिकी परिस्थितियों में सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में प्रेरित करने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं और अब पांच हेक्टेयर की खदानों के लिए क्षेत्रीय अधिकारी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर सकेंगे। मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि वाटर (प्रिवेंशन एंड कण्ट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट,1974 एवं एयर (प्रिवेंशन एंड कण्ट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट,1981 के प्रावधानों तहत पांच हेक्टेयर की खदानों के लिए खनन पट्टे में सहमति देने एवं अस्वीकार करने और रद्द करने के अधिकार अब क्षेत्रीय अधिकारियों को दे दिए गए हैं वहीं पांच हेक्टेयर से अधिक खनन पट्टे में सहमति देने एवं अस्वीकार करने और रद्द करने के अधिकार मुख्य कार्यालय का ही रहेगा।

उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रावधानों के तहत स्मॉल स्केल सीमेंट मेनुफेक्चरिंग एवं क्लिंकर ग्राइंडिंग यूनिट्स स्थापित अथवा संचालित करने के लिए सहमति देने और अस्वीकार करने का अधिकार क्षेत्रीय अधिकारियों को होगा। इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। विजय ने बताया कि स्माल स्केल टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज को प्रदूषण नियंत्रण के लिए मल्टी इफ़ेक्ट इवेपोरेटर की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब स्माल स्केल इंडस्ट्रीज में रिवर्स ओसमोसिस (आर ओ) के साथ रिजेक्ट निस्तारण के लिए सोलर इवेपोरेशन पोंड स्थापित किये जा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर विस्तृत प्रभावी गाइडलाइंस जारी कर लागू कर दी गयी है।

## देश में 81 फीसदी 5जी बेस टावर रिलायंस जियो के

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में इस माह पहले सप्ताह के अंत तक 5जी नेटवर्क के कुल 2,81,948 टावर (बेस ट्रांसीवर स्टेशन टावर) लगे थे, जिसमें अकेले 2,28,689 रिलायंस जियो ने लगाए हैं। यह जानकारी सरकार ने संसद में एक प्रश्न के लिखित उत्तर पर में भी।

संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान ने लोकसभा में बताया कि एयरटेल 5जी के 52,223 बीटीएस टावर हैं। सरकार द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार राजधानी दिल्ली में एयरटेल के 2310 बीटीएस और रिलायंस जियो 8,204 बीटीएस टावर्स हैं। दिल्ली में अब तक कुल 10,532 5जी बीटीएस टावर्स लगाए जा चुके हैं। मुंबई में भी 5जी बीटीएस टावर्स की कुल तादाद अभी 5167 है, जिसमें से जियो ने 3953 और एयरटेल ने 1214 बीटीएस टावर्स लगाए हैं। देश के बाकी महानगरों का भी कमोबेश एयरटेल 5जी की रेस में पिछड़ा नजर आता है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश में सात जुलाई तक लगे 28,876 बीटीएस टावर में से 23,527 रिलायंस जियो के नेटवर्क के तथा 5,349 बीटीएस टावर एयरटेल के थे।

हरियाणा में 5जी के 11660 बीटीएस टावर में 9480 रिलायंस जियो के और 2180 बीटीएस टावर एयरटेल हैं।

संचार राज्य मंत्री ने बताया कि भारत ने स्वंय की 4जी व 5जी तकनीक विकसित कर ली है और भारत संचार निगम लिमिटेड में इसकी तैनाती शुरू भी हो गई है। दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना फरवरी 2021 को शुरू की गई थी। योजना के तहत कंपनियों ने मई 2023 तक 6911 करोड़ रुपये का निर्यात किया है।

## उन्नीस कंपनियों में हुई लिवाली से शेयर बाजार गुलजार

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी करने की संभावना से विश्व बाजार में आई गिरावट के बावजूद सथानीय स्तर पर मजबूत तिमाही परिणाम की बदौलत एलटी, आईटीसी, रिलायंस समेत उन्नीस कंपनियों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में तेजी लौट आई और सेंसेक्स-निफ्टी आधे प्रतिशत तक चढ़ गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 351.49 अंक की तेजी लेकर 66,707.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 97.70 अंक उछलकर 19,778.30 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.34 प्रतिशत चढ़कर 29,852.88 अंक और स्मॉलकैप 0.22 प्रतिशत बढ़कर 34,355.33 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3697 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1906 में लिवाली जबकि 1630 में बिकवाली हुई वहीं 161 में



कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां हरे जबकि 18 लाल निशान पर रही वहीं दो के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 17 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान ऊर्जा 0.64, एफएमसीजी 1.03, इंडस्ट्रियल्स 0.98, दूरसंचार 2.31, यूटिलिटीज 0.44, बैंकिंग 0.59, कैपिटल गुड्स 1.59, पावर 0.68, रियल्टी 1.17 और टेक समूह के शेयरों में तेजी रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, जर्मनी का डैक्स 0.62, जापान का निक्केई 0.04, हांगकांग का हैंगसेंग 0.36 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 79 अंक की बढ़त लेकर 66,434.72 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 66,897.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, कारोबार के अंतिम चरण हुई बिकवाली से यह 66,431.34 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 66,355.71 अंक की तुलना में 0.53 प्रतिशत की उड़ान भरकर 66,707.20 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 53 अंक चढ़कर 19,733.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,825.60 अंक के उच्चतम जबकि 19,716.70 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,680.60 अंक की तुलना में 0.50 प्रतिशत की तेजी लेकर 19,778.30 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एलटी 3.30, आईटीसी 2.14, रिलायंस 1.84, एक्सिस बैंक 1.45, एसबीआई 0.86, टाटा स्टील, विप्रो 0.56, एनटीपीसी 0.47, आईसीआईसीआई बैंक 0.35 और टाटा मोटर्स 0.18 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, बजाज फाइनेंस 2.29, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.29 और मारुति ने 0.13 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## लेक्ट्रिक्स ईवी का नया ई स्कूटर एलएक्सएस जी 3.0 और एलएक्सएस जी 2.0 लांच

नयी दिल्ली। एसएआर ग्रुप की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकाई लेक्ट्रिक्स ईवी ने 93 विशेषताओं के साथ नए ई स्कूटर एलएक्सएस जी 3.0 और एलएक्सएस जी 2.0 लाँच करने की आज घोषणा की जिसकी शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 1.03 लाख रुपये है।

लेक्ट्रिक्स ईवी के एमडी और सीईओ के विजय कुमार ने इसे लाँच करते हुये आज कहा किये दोनों इलेक्ट्रिक स्कूटर शहरी गतिशीलता में क्रांति लाने वाले वाहन हैं, जो 93 विशेषताएं प्रदान करते हैं। ये स्कूटर 36 सुरक्षा विशेषताओं, 24 स्मार्ट सुविधाओं, 14 आरामदायक विशेषताओं और कई अन्य फीचरारें की श्रृंखला के साथ आते हैं। ये सब आधुनिक, सुरक्षित, बुद्धिमत्तापूर्ण और कनेक्टेड गतिशीलता प्रदान करने पर केंद्रित हैं।

उन्होंने कहा कि राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इंटीग्रेटेड नेविगेशन सिस्टम, स्मार्ट सेफ्टी फीचर, वॉयस असिस्टेंट और एक मजबूत चेसिस उपलब्ध कराई गई है जिसका 2.6 लाख किलोमीटर से



अधिक समय तक परीक्षण किया गया है। लेकिन इसमें केवल हार्डवेयर क्षमताएं ही नहीं हैं, बल्कि स्मार्ट कनेक्टेड सुविधाएं भी हैं जो वाहन में लगातार होने वाले अपडेट उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा एलएक्सएस जी उन युवा भारतीयों के लिए है जिन्हें सफल होने के लिए अपने पिता के संबंधों की आवश्यकता नहीं है। लेक्ट्रिक्स ईवी केवल इसलिए नहीं बना रहा है क्योंकि हम ये काम अच्छी तरह से कर सकते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि भविष्य में युवा भारतीय पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए अच्छी गुणवत्ता, सस्ती और कनेक्टेड गतिशीलता की आवश्यकता है। क्योंकि आसान, सस्ती और स्वच्छ व्यक्तिगत गतिशीलता प्रगति को के साथ आगे बढ़ने की कुंजी है। हम जेन ज़ी के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव को आसान और जोखिम मुक्त बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि ये स्कूटर तकनीक-आधारित सुविधाएं प्रदान करते हैं जैसे ऑटो-इंडिकेटर, स्मार्ट इग्निशन, हेलमेट चेतावनी, वाहन निदान, राईड आँकड़े, मोबाइल ऐप के माध्यम से रिमोट सीट संचालन, एंटी-थेफ्ट तंत्र और हेलमेट चेतावनी और कई अन्य तकनीक-आधारित सुविधाएं जो इंडस्ट्री में उपलब्ध अन्य ईवी में मौजूद नहीं हैं। एलएक्स जी 2.0 में 2.3 किलोवाट की बैटरी जो फुल चार्ज होने पर 85 किलोमीटर और एलएक्सएस जी 3.0 में 3 किलोवाट की बैटरी है जो 100 किलोमीटर चलने में सक्षम है। इसकी बुकिंग आज से 499 रुपये में शुरू हो गयी है और 15 अगस्त तक बुकिंग करने वालों को पांच हजार रुपये की छूट दी जायेगी तथा 16 अगस्त से पूरे देश में डिलीवरी शुरू की जायेगी। ये स्कूटर कंपनी के 100 डीलरशिप पर उपलब्ध होंगे।

## अजमेरा रियल्टी के तिमाही लाभ में 82 प्रतिशत का उछाल

**मुंबई।** अजमेरा रियल्टी एंड इन्फ्रा इंडिया ने वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया जो सालाना आधार पर 82 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने पिछले वर्ष इसी तिमाही में 12 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार आलोच्य तिमाही में उसका राजस्व 113 प्रतिशत के उछाल के साथ 118 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी दौरान राजस्व 55 करोड़ रुपये था। विज्ञप्ति के अनुसार पहली तिमाही में उसकी बिक्री 225 करोड़ रुपये की रही जो तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। मात्रा के हिसाब से बिक्री पिछली तिमाही की तुलना में 96 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.35 लाख वर्ग फुट से अधिक रही। अजमेरा रियल्टी के निदेकश धवल अजमेरा ने पहली तिमाही के परिणाम को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि तिमाही दर तिमाही बिक्री के इस उछाल में उछाल में घाटकोपर में एक नयी प्रीमियम आवासीय परियोजना के शुरू होने के साथ साथ बेंगलुरु में उसके अच्छे काम का भी प्रभाव है।

## नया फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फ्लिप 5 और गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 लांच




**सोल(कोरिया)।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने पाँचवीं जनरेशन के फोल्डेबल गैलेक्सी जेड फ्लिप 5 और गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 स्मार्टफोन लाँच करने की घोषणा की। कंपनी के अध्यक्ष एवं मोबाईल एक्सपीरियंस बिज़नेस के प्रमुख टीएम रोह ने इन दोनों फोन को यहां लाँच करते हुये कहा, सैमसंग मानक स्थापित करते हुए और अनुभव में निरंतर सुधार करते हुए फोल्डेबल्स के साथ मोबाईल उद्योग में क्रांति लेकर आ रहा है। फोल्डेबल स्मार्टफोन खरीदने वाले लोगों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है, क्योंकि वे लोगों की पसंद के अनुरूप ऐसा अनुभव प्रदान करते हैं, जो उन्हें किसी और डिवाईस में नहीं मिल सकता। गैलेक्सी जेड फ्लिप 5 और गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 सैमसंग की लेटेस्ट डिवाईस हैं, जो इनोवेटिव टेक्नॉलॉजी द्वारा हमारे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती हैं। उन्होंने कहा कि ये डिवाईस कैमरा की असाधारण क्षमताएं, जैसे फ्लेक्सकैम जैसे फीचर भी दिये गये है ताकि यूज़र क्रिएटिव एंगल से फोटो ले सकें। शक्तिशाली प्रदर्शन और गैलेक्सी के लिए लेटेस्ट प्रोसेसर, स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 मोबाईल प्लेटफॉर्म की मदद से ऑप्टिमाईज़्ड बैटरी के साथ सैमसंग गैलेक्सी जेड सीरीज ने स्मार्टफोन की सीमाओं को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया है, फिर चाहे वह खुला हुआ हो या फोल्डेड। ये फोन वाटर रज़िस्टैंस के लिए आईपीएक्स8, आर्मर एलुमीनियम फ्रेम और टूट-फूट से सुरक्षा के लिए गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 के साथ ज्यादा टिकाऊ बने रहने के लिए डिज़ाईन किया गया है।

## टेक महिंद्रा का मुनाफा 38.8 प्रतिशत घटा




नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 38.8 प्रतिशत घटकर 693 करोड़ पर आ गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1132 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि 30 जून को समाप्त तिमाही में उसका कुल राजस्व 13159 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 12708 करोड़ रुपये रही थी। इस तिमाही में कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या 4203 कम होकर 148297 पर आ गयी।

## कतर इनवेस्टमेंट अथॉरिटी रिलायंस रिटेल में करेगा एक अरब डॉलर का निवेश

नई दिल्ली। कतर का सॉवरेन वेल्थ फंड कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (क्यूआईए) कथित तौर पर मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रहा है। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है जब खाड़ी देशों के फंड भारतीय बाजार में अपनी भागीदारी बढ़ाने को गति देने की कोशिश कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार क्यूआईए रिलायंस रिटेल वेंचर्स में माइनॉरिटी स्टेक खरीदने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि यह निवेश कम से कम एक अरब डॉलर का हो सकता है, जो 100 अरब डॉलर की वैल्यू वाली कंपनी में एक प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि समझौते को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, इसके अनुसार कतर के फंड ने अभी तक सौदे को मंजूरी नहीं दी है।

रिलायंस रिटेल लग्जरी फैशन से लेकर ग्रॉसरी तक अपने कंज्यूमर बिजनेस का विस्तार कर रही है। रिलायंस अपने रिटेल कारोबार के विस्तार पर भारी खर्च कर रहा है और उसका नेतृत्व मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी कर रही हैं। रिलायंस रिटेल ने अपना विस्तार करने के लिए बीते महीनों में कई ब्रांडों का अधिग्रहण किया है।

रिलायंस रिटेल ने 2020 में सऊदी अरब के पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड से 1.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी के लिए 2.04 अरब डॉलर का निवेश हासिल किया था। रिपोर्ट के अनुसार उस समय कंपनी का मूल्यांकन 62.4 अरब डॉलर था। केकेआर और अबू धाबी के दो सॉवरेन इन्वेस्टमेंट फंड भी कंपनी के शेयरधारकों में शामिल हैं। इस बीच, अप्रैल-जून तिमाही में रिलायंस रिटेल के शुद्ध लाभ में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## शार्ट न्यूज

### भारत ने इंग्लैंड को ड्रॉ पर रोका

बार्सिलोना। भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को स्पैनिश हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में पिछड़कर वापसी करते हुए इंग्लैंड को 1-1 के ड्रा पर रोक लिया। इंग्लैंड होली हंट (सातवां मिनट) के गोल के दम पर जीत की ओर बढ़ रही थी, लेकिन लालरेम्सियामी (41वां) ने भारत के लिये गोल जमाकर मुकाबला ड्रॉ करवाया। इंग्लैंड की टीम मुकाबले के पहले मिनट से अपनी लय में दिखी और बेहतरीन तरीके से गेंद को पास करते हुए उसपर कब्ज़ा रखा। मैच के सातवें ही मिनट में हंट ने भारतीय डी के अंदर ज़ोरदार शॉट खेलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने स्कोर बराबर करने के कई मौके बनाये लेकिन इंग्लैंड के अटूट रक्षण ने उसे एक बार भी गेंद को नेट में पहुंचाने का मौका नहीं दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत के आक्रामक रवैये को देखकर इंग्लैंड ने गेंद को अपनी मिडफील्ड और रक्षकों तक सीमित रखने की योजना बनायी। यह योजना इंग्लैंड के काम आयी और भारतीय महिलाएं हाफ टाइम तक पिछड़ी रहीं। इंग्लैंड ने 30वें मिनट तक अपनी बढ़त सुरक्षित रखने के बाद भारतीय खेमे में आक्रमण करने का फैसला किया। इस नीति ने इंग्लैंड को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया, हालांकि वह इसे भुना नहीं सका।

### सिंधु फिर हारीं, सात्विक-चिराग फिर जीते

टोक्यो। खराब फॉर्म से गुज़र रहीं पीवी सिंधु की चिंताएं खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु बुधवार को जापान ओपन के पहले चरण में चीन की झांग यी मान से सीधे गेमों में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयीं। झांग को सिंधु पर 21-12, 21-13 की विजय प्राप्त करने में सिर्फ 32 मिनट का समय लगा। शीर्ष भारतीय शटलर इस साल के 13 बीडब्ल्यूएफ आयोजनों में सातवीं बार पहले चरण में बाहर हुई हैं। पूर्व विश्व चैंपियन अगस्त 2022 में लगी चोट से उभरने के बाद लय हासिल नहीं कर सकी हैं और लगातार खराब प्रदर्शन के कारण बीडब्ल्यूएफ महिला रैंकिंग में 17वें स्थान पर आ गयी हैं। इस साल सिंधु ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मैड्रिड मास्टर्स में दिया जहां वह दूसरे स्थान पर रही थीं। सिंधु ने हाल ही में 2003 ऑल-इंग्लैंड चैंपियन मोहम्मद हाफ़िज़ हाशिम को अपना नया कोच बनाया है और उन्हें अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक से पूर्व अपना प्रदर्शन सुधारने की उम्मीद है। इस बीच, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डैनियल मार्टिन को 21-16, 11-21, 21-13 से हराकर दूसरे चरण में कदम रखा।

### नवरात्रि के कारण एक दिन पहले हो सकता है भारत पाकिस्तान विश्व कप मैच

मुंबई। भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 15 अक्टूबर को नियोजित एकदिवसीय विश्व कप मुकाबला एक दिन पहले, 14 अक्टूबर को आयोजित किया जा सकता है। क्रिकबज़् की ओर से बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद पुलिस ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि 15 अक्टूबर नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण वह भारत-पाकिस्तान मैच में सुरक्षा नहीं प्रदान कर सकेगी। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई अब नये विकल्प तलाश रहा है और इसके तहत चिर-प्रतिद्वंदियों के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को भी आयोजित हो सकता है। यह योजना हालांकि पाकिस्तान के लिये असहज हो सकती है क्योंकि उसे 12 अक्टूबर को श्रीलंका से भिड़ना है। हैदराबाद में श्रीलंका का सामना करने के 48 घंटे बाद अहमदाबाद में भारत से मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा 14 अक्टूबर को चेन्नई में न्यूजीलैंड बनाम बंगलादेश (सुबह 10: 30 बजे से शुरू) और नयी दिल्ली में इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान (दोपहर दो बजे से शुरू) सहित दो और मैच निर्धारित हैं। उसी दिन भारत-पाकिस्तान के रूप में तीसरा मैच जोड़ने से प्रसारकों और आयोजकों के लिये चिंताएं पैदा हो सकती हैं।

### करीबी मुकाबले में स्पेन से हारा भारत

बार्सिलोना। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को स्पैनिश हॉकी महासंघ 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के पहले मैच में स्पेन के हाथों 1-2 की हार का सामना करना पड़ा है। मेज़बान टीम के खिलाफ मंगलवार को खेले गये मुकाबले में पॉल क्यूनिल (11वां मिनट) और जोक्विन मेनिनी (33वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये एक-एक गोल किया। हरमनप्रीत सिंह 59वें मिनट में भारत का गोल किया, हालांकि वह हार का अंतर ही कम कर सके। शुरुआती क्वार्टर में आक्रामक खेल के बावजूद भारतीय टीम बढ़त नहीं बना सकी। इसका खामियाज़ा भारत को तब भुगतना पड़ा जब क्यूनिल ने क्वार्टर की समाप्ति से पहले गेंद को नेट में पहुंचाकर स्पेन का खाता खोल दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में गेंद पर कब्ज़ा रखते हुए वापसी की कोशिश की लेकिन स्पेन का रक्षण न भेद पाने के कारण मेहमान टीम हाफ टाइम तक 0-1 से पिछड़ी रही। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में स्पेन की रक्षा पंक्ति का बार-बार परीक्षण किया। मेजबान टीम ने न सिर्फ भारत को गोल करने की अनुमति नहीं दी, बल्कि मेनिनी के गोल के दम पर अपनी बढ़त दोगुनी भी कर ली। भारत ने स्पेन की रक्षा पंक्ति का इम्तिहान लेते हुए तीसरे क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉरनर भी अर्जित किया।

### मेसी का दूसरे मैच में धमाकेदार प्रदर्शन

नई दिल्ली। दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में एक अर्जेंटीना के लियोनल मेसी का अमेरिका में धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। मेसी ने इंटर मियामी के लिए लीग कप के दूसरे मुकाबले में दो गोल कर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही इंटर मियामी ने नॉकआउट राउंड में अपना स्थान पक्का कर लिया है। टीम अब राउंड-32 में पहुंच गई है। ग्रुप-जे में उसकी यह लगातार दूसरी जीत है। इंटर मियामी के दो मैच में छह अंक हो गए हैं। ग्रुप में क्रूज अजुल दूसरे और अटलांटा यूनाइटेड तीसरे स्थान पर है। मेसी ने लगातार दूसरे मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने इंटर मियामी के होम ग्राउंड पर 14 मिनट के अंतराल में दो गोल दाग दिए। इसके अलावा उन्होंने एक गोल असिस्ट भी किया। इंटर मियामी के लिए मेसी के अलावा रॉबर्ट टेलर ने भी दो गोल दागे। मेसी ने पिछले मैच में क्रूज अजूल के खिलाफ डेब्यू किया था। दो मैच में उनके अब तीन गोल और एक असिस्ट हो गए हैं। मैच में इंटर मियामी की शुरुआत जोरदार रही। मेसी ने आठवें मिनट में ही टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उन्होंने बार्सिलोना के अपने साथी सर्जियो बुस्केट्स के साथ मिलकर विपक्षी टीम पर दबाव डाला। बुस्केट्स् ने अटलांटा के खिलाड़ियों को छकाते हुए मेसी की ओर गेंद को मारा।

### कोलकाता में डूरंड कप ट्रॉफी का अनावरण

कोलकाता। बंगाल जहां हर दिल में फुटबॉल बसता है, वहां मंगलवार को दुनिया की तीसरी और एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड के 132वें संस्करण के लिए ट्रॉफियों का अनावरण किया गया। इस वर्ष यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट तीन अगस्त से शुरू होने जा रहा है और तीन सितंबर तक चलेगा। ट्रॉफियों के अनावरण कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के दो पूर्व अधिकारियों ने यहां स्थित पूर्वोत्तर की सबसे ऊंची बिल्डिंग द 42 की 65वीं मंजिल से पैराशूट से छलांग लगाकर सबको रोमांचित कर दिया। अनावरण समारोह में पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता और मुख्म अतिथि बंगाल के खेल व युवा मामलों के मंत्री अरूप विश्वास ने डूरंड कप की तीनों शानदार ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस दौरान तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर खेल मंत्री अरूप विश्वास ने कहा कि इस बार कोलकाता में डूरंड कप के छह मैच होंगे। तीन सितंबर को फाइनल मैच भी कोलकाता के युवा भारती स्टेडियम में खेला जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार डूरंड कप के सफल आयोजन के लिए भारतीय सेना को पूरा सहयोग व समर्थन देगी।

# एशियाई खेलों के लिये भारतीय फुटबॉल टीम को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने 'नियमों में ढील देते हुए' भारत की पुरुष और महिला फुटबॉल टीम को चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में भेजने का निर्णय लिया है।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी देते हुए बुधवार को ट्वीट किया, भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिये अच्छी खबर! हमारी पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय फुटबॉल टीमें आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिये तैयार हैं। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने उन दोनों टीमों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिये नियमों में ढील देने का निर्णय लिया है।



उल्लेखनीय है कि खेल मंत्रालय के नियमों के अनुसार, किसी भी भारतीय टीम या खिलाड़ी को एशियाई खेलों में जाने के लिये एशियाई रैंकिंग के शीर्ष आठ में होना ज़रूरी है। चूंकि भारत की फुटबॉल टीमें इस शर्त को पूरी नहीं करतीं, भारत सरकार ने उन्हें एशियाई खेलों में जाने की मंजूरी नहीं दी थी।

भारतीय पुरुष टीम के कोच इगोर स्टिमाच ने एक पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्री ठाकुर से एशियाई खेलों में जाने की अनुमति मांगी थी और कहा था कि उनकी टीम 'अपने देश के गौरव और ध्वज' के लिये लड़ेगी। इससे पहले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भी खेल मंत्रालय से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की थी।

भारतीय पुरुष टीम खेल मंत्रालय की इस शर्त के कारण 2018 एशियाई खेलों में भी हिस्सा नहीं ले सकी थी, लेकिन बीते कुछ महीनों में पुरुष और महिला दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पुरुष टीम इस साल ट्राई-नेशन टूर्नामेंट, इंटरकॉन्टिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप सहित तीन खिताब जीतने के अलावा फीफा रैंकिंग के शीर्ष 100 में भी पहुंच गयी है। महिला टीम ने अप्रैल में किर्गिस्तान को दो चरणों में हराकर ओलंपिक क्वालीफायर का अपना पहला दौर जीता था।

ठाकुर ने ट्वीट किया, हाल के दिनों में उनके प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने छूट देने का फैसला किया है। मुझे यकीन है कि वे एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और हमारे देश को गौरवान्वित करेंगे।

## विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में चार तलवारबाजों को आर्थिक सहायता देगा साई

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने चीन के चेंगदू में आगामी विश्व विश्वविद्यालय खेलों के लिये साई राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) के चार फ़ेंसरों को आर्थिक रूप से समर्थन देने की घोषणा की है। साई ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि अभय कृष्ण शिंदे, दुर्गेश मिलिंद जहागीरदार, तन्नु गुलिया और शिक्षा बलौरिया सहित चार तलवारबाज़ों को आर्थिक सहायता दी जायेगी। विज्ञप्ति में कहा गया, चूंकि यह आयोजन फेंसिंग के प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता के वार्षिक कैलेंडर (एसीटीसी) योजनाओं के अंतर्गत शामिल नहीं है, इसलिए विश्व विश्वविद्यालय खेल एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देंगे। साई ने एथलीटों को विशेष मामले के रूप में फंडिंग देने का फैसला किया है। विश्व विश्वविद्यालय खेलों का 31वां संस्करण 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच आयोजित होगा।

# करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुंचे सिराज

दुबई। बीते कुछ महीनों में भारत के अग्रणी तेज़ गेंदबाज़ बनकर उभरे मोहम्मद सिराज ने बुधवार को अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल कर ली।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, सिराज 563 रेटिंग पॉइंट के साथ टेस्ट गेंदबाजों की सूची में 33वें स्थान पर हैं।



सिराज ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाकर यह रेटिंग हासिल की। उन्हें इस प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया।

इस बीच, सप्ताह टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष 100 में पहुंचने वाले युवा प्रतिभावान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने एक और लंबी छलांग लगायी। दूसरे टेस्ट में 57 और 38 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल (466 रेटिंग) 11 पायदान चढ़कर टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में 63वीं रैंक पर पहुंच गये हैं।

रोहित शर्मा (नौंवा पायदान) 759 रेटिंग पॉइंट के साथ भारत के शीर्ष टेस्ट बल्लेबाज बन गये हैं। ऋषभ पंत (12वां पायदान) और विराट कोहली (14वां पायदान) इस सूची में क्रमश: दूसरे और तीसरे भारतीय हैं। अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (879 पॉइंट) शीर्ष टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि रवींद्र जडेजा इस सूची में छठे स्थान पर हैं।

टेस्ट हरफनमौलाओं की सूची में जडेजा पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर हैं।

## चेन्नईयिन एफसी से जुड़े कॉर्नर शील्ड्स

चेन्नई। चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सीज़न से पहले स्कॉटलैंड के सेंटर-फ़ॉरवर्ड खिलाड़ी कॉनर शील्ड्स के साथ अनुबंध किया है। शील्ड्स इस सीज़न चेन्नईयिन से जुड़ने वाले दूसरे विदेशी खिलाड़ी हैं। शील्ड्स इससे पहले स्कॉटलैंड के क्लब मदरवेल एफसी का हिस्सा थे। वह 2022-23 सीज़न में ऋण पर क्वींस पार्क एफसी में चेन्नईयिन एफसी के नये कोच ओवेन कॉयल के साथ काम कर चुके हैं। शील्ड्स ने नये क्लब से जुड़ने पर कहा, मैं चेन्नईयिन एफसी में शामिल होकर खुश हूं। मैं भारत आने और इस रोमांचक नयी चुनौती के साथ शुरुआत करने का इंतजार नहीं कर सकता। शील्ड्स ने अपना अधिकांश समय स्कॉटलैंड के विभिन्न क्लबों के लिये खेलते हुए बिताया है। उन्होंने दो सीज़न के लिये युवा स्तर पर छह बार के इंग्लिश चैंपियन संडरलैंड एएफसी का भी प्रतिनिधित्व किया है। क्वींस पार्क एफसी में शील्ड्स ने 2022-23 सीज़न में 40 मैचों में पांच गोल और चार असिस्ट किये थे।

# जर्मनी में चतुष्कोणीय टूर्नामेंट के लिये महिला जूनियर टीम घोषित

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने 18 से 23 अगस्त तक जर्मनी के डसेलडोर्फ में होने वाले चतुष्कोणीय टूर्नामेंट के लिये बुधवार को 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

भारत टूर्नामेंट में इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी के खिलाफ खेलेगा। यह टूर्नामेंट 29 नवंबर से सैंटियागो, चिली में शुरू होने वाले 2023 महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिये टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा।

भारतीय टीम की अगुवाई प्रतिभाशाली डिफेंडर प्रीति करेंगी जबकि उप-कप्तानी कुशल मिडफील्डर रुतुजा दादासो पिसल के हाथों में होगी। गोलकीपिंग विभाग का दारोमदार माधुरी किंडो और खुशबू की प्रतिभाशाली जोड़ी के हाथों में होगा। रक्षण पंक्ति की जिम्मेदारी प्रीति, रोपनी कुमारी, अंजलि बरवा, नीलम और थौनाओजम निरुपमा देवी संभालेंगी। मिडफ़ील्ड में रुतुजा के साथ मंजू चौरसिया, साक्षी राणा, सुजाता कुजूर, भूमिक्षा साहू, ज्योति सिंह, महिमा टेटे और हिना बानो जैसी गतिशील खिलाड़ियों की उपस्थिति देखने को मिलेगी। अन्नू, दीपिका सोरेंग, सुनेलिता टोप्पो, काजल सदाशिव अतपदकर और मुमताज खान फॉरवर्ड पंक्ति संभालेंगी।

भारतीय महिला जूनियर टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा, चार देशों का टूर्नामेंट हमारी टीम के लिये अंतरराष्ट्रीय मंच पर फिर से अपनी योग्यता साबित करने और अभ्यास सत्रों से हमारी सीख को लागू करने का एक शानदार अवसर होगा। साथ ही यह टूर्नामेंट हमारी रणनीति को सुधारने और दुर्जेय विरोधियों के खिलाफ हमारी क्षमताओं का आकलन करने का एक आदर्श अवसर होगा।

उन्होंने कहा, यह आयोजन जूनियर विश्व कप के लिये हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और सुधार के क्षेत्रों को ज़ाहिर करने का साधन होगा। हमें विश्वास है कि यह मूल्यवान प्रदर्शन हमारे खेल को ऊपर उठाएगा और हमें आत्मविश्वास के साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाएगा।

# लंदन में धीरेंद्र शास्त्री बोले- कोहिनूर लेकर ही लौटेंगे

## पहले अंग्रेज भारत में बोलते थे, अब हम बोल रहे और ये सुन रहे

**लंदन।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र शास्त्री लंदन गए हुए हैं। यहां वो लोगों को राम कथा सुना रहे हैं। यहीं पर एक प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा- हम कोहिनूर लेकर ही भारत वापस जाएंगे। भक्तों से बात करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि उन्हें लगातार भारत से फोन आ रहे हैं और लोग पूछ रहे हैं कि वो भारत कब लौटेंगे।



इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अब उनको लंदन में ही अच्छा लग रहा है। पहले अंग्रेज भारत जाकर बोलते थे और हमारे दादा सुनते थे, लेकिन अब हम इंग्लैंड आकर बोलते हैं और वहां के लोग बातें सुनते हैं। पंडित शास्त्री ने कहा कि ब्रिटेन के लोग बहुत अच्छे हैं। मैं चाहता हूं कि यहां के राजा ऐसे ही देश की इकोनॉमी और अध्यात्म बढ़ाते रहें। इसके साथ ही उन्होंने लंदन के लोगों को धन्यवाद भी कहा।

इससे पहले मई में ब्रिटेन की रॉयल फैमिली ने ये मान लिया था कि ईस्ट इंडिया कंपनी भारत से कोहिनूर हीरा ले गई थी। महाराजा दलीप सिंह को इसे सरेंडर करने के लिए मजबूर किया गया था। ब्रिटेन के टावर ऑफ लंदन में रॉयल ज्वेल्स की प्रदर्शनी में बताया गया है कि लाहौर संधि के तहत दलीप सिंह के सामने कोहिनूर सौंपने की शर्त रखी गई थी। बकिंघम पैलेस के रॉयल कलेक्शन ट्रस्ट की मंजूरी के बाद प्रदर्शनी में ये टेक्स्ट लिखा गया है।

### कोहिनूर हीरा विजय का प्रतीक

क्राउन ज्वेल्स एग्जीबिशन में कोहिनूर पर एक फिल्म भी दिखाई गई है। इसमें इसके पूरे इतिहास को एक ग्राफिक मैप के जरिए दिखाया गया है। इसमें बताया गया है कि हीरे को गोलकुंडा की खदानों से निकाले जाने का दावा किया जाता है। इसके बाद एक तस्वीर में महाराजा दलीप सिंह इसे ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंपते नजर आ रहे हैं।

एक और तस्वीर में ब्रिटेन की क्वीन मदर के ताज में कोहिनूर जड़ा नजर आ रहा है।

टॉवर ऑफ लंदन में ये एग्जीबिशन किंग चार्ल्स की ताजपोशी के अवसर पर लगाई गई है। 6 मई को किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला की ताजपोशी हुई थी।

### भारत कई बार कोहिनूर वापस मांग चुका है

कोहिनूर जड़े ताज को सबसे पहले ब्रिटेन की क्वीन मदर ने पहना था। इसके बाद ये ताज क्वीन एलिजाबेथ को मिला था। इस ताज में कोहिनूर के अलावा अफ्रीका का बेशकीमती हीरा ग्रेट स्टार ऑफ अफ्रीका सहित कई कीमती पत्थर जड़े हैं। इसकी कीमत करीब 40 करोड़ डॉलर आंकी गई है। भारत ने ब्रिटेन के सामने कई बार कोहिनूर हीरे पर अपना कानूनी हक होने का दावा किया है।

### कई देश करते हैं कोहिनूर पर अपना दावा

कोहिनूर हीरे का इतिहास विवादों से भरा रहा है। कहा जाता है कि साल 1849 में जब अंग्रेजों ने पंजाब पर कब्जा किया तो इस हीरे को ब्रिटेन की तब की महारानी विक्टोरिया को सौंप दिया गया था। बाद में इसे और कई हीरों के साथ ब्रिटेन के शाही ताज में लगा दिया गया। भारत के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और ईरान भी इस हीरे पर अपना दावा कर चुके हैं।

# अमेरिका में सड़कों पर भूखी-प्यासी घूम रही हैदराबाद की बेटी

## सामान चोरी हुआ, डिप्रेशन में गई; मां ने विदेश मंत्री से मदद मांगी

शिकागो। हैदराबाद से पोस्ट ग्रैजुएशन करने अमेरिका पहुंची एक महिला शिकागो की सड़कों पर भूखी-प्यासी नजर आ रही है। महिला का नाम सैयदा लुलु मिन्हाज जैदी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला का सामान चोरी हो गया था, जिसके बाद वो डिप्रेशन में चली गई। महिला की मां सैयदा वहाज फातिमा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को चिट्ठी लिखकर बेटी को वापस लाने की अपील की है।

महिला की मां का ये लेटर सोशल मीडिया पर तब वायरल होने लगा, जब इसे भारत राष्ट्र समिति के लीडर खलीकुर रेहमान ने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया। उन्होंने इस महिला की पासपोर्ट-वीजा डीटेल्स शेयर करते हुए मदद की रिक्वेस्ट की है। इसके अलावा




रेहमान ने महिला का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वीडियो बनाने वाला शख्स उसे खाने का सामान और पानी देता नजर आ रहा है।

### मां ने अमेरिकी एम्बेसी और इंडियन कॉन्सुलेट से मदद मांगी

पीड़िता की मां ने भी भारत में मौजूद अमेरिका की एम्बेसी और शिकागो में इंडियन कॉन्सुलेट से अपनी बेटी को ढूंढने में मदद करने की अपील की है। विदेश मंत्री को लिखे पत्र में मां ने लिखा- मेरी बेटी सैयदा लुलु तेलंगाना के मौला अली की रहने वाली है। वो अगस्त 2021 में मिशिगन के डेट्रॉयट शहर की ट्राइन यूनिवर्सिटी में मास्टर्स की पढ़ाई के लिए गई थी। तब उसकी हमसे अक्सर बात होती रहती थी। लेकिन पिछले 2 महीनों से उसने हमसे कोई कॉन्टैक्ट नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा- हाल ही में मुझे हैदराबाद के ही 2 लोगों ने बताया कि मेरी बेटी डिप्रेशन में है और किसी ने उसका सारा सामान चोरी कर लिया है। उसके पास खाने-पीने के लिए भी कुछ नहीं बचा है। इस वजह से वो भूखा मरने पर मजबूर हो गई है। उसे शिकागो की सड़कों पर देखा गया था।

## फिलीपीन जेल में हुई झड़प में एक कैदी की मौत, नौ घायल

**मनीला।** फिलीपीन की राजधानी मनीला के मुख्य जेल में बंद कैदियों के बीच झड़प में एक कैदी की मौत हो गई और अन्य नौ घायल हो गए हैं। एक जेल अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुधार ब्यूरो की उप महानिदेशक एंजेलिना बॉतिस्ता ने कहा कि न्यू बिलिबिड जेल में कुछ कैदी एक-दूसरे कैदियों के बीच हुई झड़प के मामले को सुलझा रहे थे इसी बीच एक कैदी ने बन्दूक निकाली और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। बॉतिस्ता ने बताया कि कैदियों के बीच बढ़ते हंगामे के दौरान एक कैदी ने दूसरे कैदी पर बर्फ तोड़ने सुए से हमला कर दिया गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सुधार अधिकारियों ने घटनास्थल से 12 राउंड कारतूस के साथ एक 45-कैलिबर हैंडगन बरामद की है। जेल अधिकारियों ने कैदियों से मिलने का समय रद्द कर दिया है । मामले की जांच पड़ताल जारी है।

### बलूचिस्तान में भारी बारिश, बाढ़

क्वेटा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान के कई जिलों में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से सड़कें बह गईं और लासबेला में बड़ी संख्या में गांवों में पानी भर गया है तथा प्रांत का देश का कई अन्य हिस्सों से संपर्क टूट गया। रिपोर्टों के अनुसार प्रांत का कराची से भी संपर्क टूट गया है। हब और कराची के बीच बनी वैकल्पिक सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक आई बाढ़ में बह गया और इस क्षेत्र को संपर्क टूट गया है। हब नदी पर मुख्य पुल जो पिछले वर्ष आई भीषण बाढ़ में ध्वस्त हो गया था। एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक इस पुल का पुनर्निर्माण नहीं किया गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि जियारत, डुकी, संजावी, लोरालाई और बरखान - दोनों नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद बोलान और नारी नदियाँ में बड़े पैमाने पर बाढ़ का पानी बह रहा है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने कहा कि प्रांत में बारिश के कारण अब तक अवारान, खुजदार, किला सैफुल्ला, झोब और अन्य इलाकों में छह लोगों की जान चली गई है। पीडीएमए महानिदेशक ने कहा, हम भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री और खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं।

### ब्रिटेन में सरकार से 'वैगनर' को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग

लंदन। ब्रिटेन की संसद की विदेश मामलों की समिति ने बुधवार को सरकार से वैगनर ग्रुप की निजी सैन्य कंपनी (पीएमसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने का आग्रह किया। संसद ने एक बयान में कहा,रिपोर्ट वैगनर नेटवर्क को एक आतंकवादी संगठन के रूप में तत्काल प्रतिबंधित करने की मांग करती है। बयान में कहा गया है कि सांसदों ने सरकार से पीएमसी से जुड़े संगठनों और लोगों पर 'तेज और कड़े' प्रतिबंध लगाने का भी आग्रह किया। बयान में कहा गया है कि समिति का मानना है कि लगभग 10 वर्षों तक सरकार ने 'वैगनर' की गतिविधियों, साथ ही यूरोप के लिए सुरक्षा निहितार्थ और अफ्रीका में इसके महत्वपूर्ण विस्तार को कम करके आंका है। इस वर्ष फरवरी में 'द टेलीग्राफ' ने खबर प्रकाशित की थी कि ब्रिटेन का गृह विभाग 'वैगनर ग्रुप' को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने की योजना विकसित कर रहा है ।समिति ने 'गन्स फॉर गोल्ड्-द वैगनर नेटवर्क एक्सपोज्ड' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में कहा, वैगनर समूह कथित तौर पर 2014 से कम से कम सात देशों में सैन्य अभियानों में शामिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है,हमें जो सबूत मिले हैं उससे हमें पूरा विश्वास हो गया है कि वैगनर नेटवर्क ने 2014 के बाद से कम से कम सात देशों में सैन्य अभियान चलाया है जिनमें यूक्रेन, सीरिया, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक (सीएआर), सूडान, लीबिया, मोज़ाम्बिक और माली शामिल हैं।

### चीन के किन गैंग के नाम को विदेश मंत्रालय की वेबसाइट से भी हटाया गया

बीजिंग। चीन ने बुधवार को एक सरकारी वेबसाइट से विदेश मंत्री रहे किन गैंग का उल्लेख हटाते हुए उन्हें नाटकीय ढंग से बर्खास्त करने के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। चीन के शीर्ष कानून निर्माण निकाय ने मंगलवार को केवल 207 दिनों की नौकरी के बाद पद से हटा दिया था। उन्हें करीब एक माह से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। इसके बाद इस प्रकार की अटकलें लगाई गईं कि अमेरिका में पूर्व चीनी राजदूत और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के एक समय के विश्वासपात्र से अचानक से शीर्ष नेता नाराज हो गए हैं। बुधवार सुबह तक चीन के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट से 57 वर्षीय किन का हर प्रकार का संदर्भ हटा दिया गया। उनके नाम की खोज से कोई परिणाम नहीं मिला और उनकी राजनयिक उपस्थिति के बारे में पिछले लेखों में एक संदेश दिखाया गया था जिसमें कहा गया था कि पृष्ठ मौजूद नहीं है या हटा दिया गया है। किन का नाम हालांकि, राज्य परिषद, वाणिज्य मंत्रालय और सरकारी मीडिया आउटलेट सहित अन्य चीनी सरकारी वेबसाइटों पर दिखाई दिया। बार-बार पूछताछ के बावजूद विदेश मंत्रालय ने हफ्तों तक श्री किन पर कोई भी अपडेट देने से इनकार कर दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
गुरुवार 27 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सावन का चौथा सोमवार – कांवड़यात्रा और मुहर्रम जुलूस 29 को



**सोनभद्र** ।जनपद के थाना क्षेत्र शाहगंज में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह के नेतृत्व में आगामी चतुर्थ सावन सोमवार में कांवड़ यात्रा तथा 29 जुलाई को मोहर्रम जुलूस के संबंध में शांति और कानून व्यवस्था के दृष्टिगत फ्लैग मार्च किया गया जिसमें क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार व उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश कुमार सिंह , प्रभारी निरीक्षक केदारनाथ मौर्य, चौकी प्रभारी कस्बा शाहगंज सुजीत सेठ के साथ साथ थाना शाहगंज का पुलिस बल व पीएसी बल उपस्थित रहा। फ्लैगमार्च कस्बा शाहगंज चौकी से कूच किया और राजपुर तिराहा की तरफ से आगे बढ़ता विभिन्न धार्मिक स्थलों को बारीकी से देखता पहुंचा कर्बला। कर्बला से होते हुए हनुमान तिराहा शाहगंज तक चलता रहा फ्लैग मार्च और इसके बाद पुन: कस्बा शाहगंज चौकी पहुंच कर समापन हुआ फ्लैग मार्च का

### जन्म–मृत्यु पंजीकरण कार्य प्रभावी अनुश्रवण विषयक हुई बैठक



सोनभद्र ।अपर जिलाधिकारी( वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में जन्म–मृत्यु पंजीकरण कार्य के प्रभावी अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक में सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम एवं सैम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के सम्बन्ध में चर्चा कर विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म–मृत्यु पंजीकरण के कार्य में तेजी लाया जाय व इस कार्य को पूरा करने के लिए जरूरत के अनुसार कर्मचारी को लगाया जाय। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन्म प्रमाण–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मृत्यु पंजीकरण में आशाओं एवं सीएचओ को लगाकर सक्रियता से कार्य कराया जाय, इस कार्य में पंचायत सहायकों को भी लगाया जाए। अपर जिलाधिकारी ने इस कार्य में लगे अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन्म–मृत्यु पंजीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया, इसके लिए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये। बैठक में उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, भूलेख के मनोज गिरी सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

### पॉस्को एक्ट का वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर/सादुल्लानगर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ शादी करके शारीरिक संबंध बनाए जाने का अभियुक्त को थाना सादुल्ला नगर की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि स्थानीय थाना पर पंजीकृत मुकदमा धारा 376(3)/363/504/506/352 भा0द0वि0 व 3/4 पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त मोहर्रम अली पुत्र कल्लू निवासी लाला गांव इटई रामपुर थाना गैड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर को मद्दों भट्ठा थाना सादुल्ला नगर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। तथा बरामद पीड़िता को महिला आरक्षी की सुपुर्दगी में देकर आवश्यक कार्यवाही हेतु वन स्टॉप सेंटर बलरामपुर भेजा गया।

### 'मेरा गांव मेरी धरोहर' का शुभारंभ करेंगे शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आजादी का अमृत महोत्सव के तहत गुरूवार को यहां एक अनूठी पहल मेरा गांव मेरी धरोहर का शुभारंभ करेंगे। शाह ऐतिहासिक कुतुब मीनार में एक भव्य प्रोजेक्शन मैपिंग शो के दौरान आधिकारिक तौर पर इससे संबंधित वर्चुअल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ करेंगे। यह वर्चुअल प्लेटफॉर्म लोगों को गांवों से जोड़ेगा। संस्कृति मंत्रालय ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के समन्वय से राष्ट्रीय सांस्कृतिक मैपिंग मिशन के अंतर्गत %मेरा गांव मेरी धरोहर% परियोजना का शुभारंभ किया है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य एक व्यापक वर्चुअल मंच पर 29 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 6 लाख 50 हजार गांवों का सांस्कृतिक मानचित्रण करना है। इसके माध्यम से लोगों को भारत की विविध और जीवंत सांस्कृतिक विरासत को जानने का अवसर मिलेगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण समुदायों में आर्थिक विकास, सामाजिक सद्भाव और कलात्मक विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। समारोह में कुतुब मीनार पर एक प्रोजेक्शन मैपिंग शो भी होगा, जिसमें भारत के कुछ चुनिंदा गांवों की अलग–अलग थीम दिखाई जाएगी।

# निर्मल छाया काम्प्लेक्स में सामूहिक विवाह



**रवीन्द्र लाल श्रीवास्तव**

**पूर्व सिविल सेवा अधिकारी, दिल्ली सरकार**



नई दिल्ली नगरपालिका में मेरा डेपुटेशन अगस्त 1991 में समाप्त हो गया। दिल्ली प्रशासन (सरकार) के सेवा विभाग से मेरी पोस्टिंग समाज कल्याण विभाग में संयुक्त निदेशक पद पर हो गई । मैंने 18 नवंबर 1991 को समाज कल्याण विभाग के हेड पाठक कर्जन रोड में ज्वाइन कर लिया । यहां निदेशक/सेक्रेटरी के बाद 2 पद जॉइंट डायरेक्टर हैं । मेरे से लगभग 2 महीने पहले एक ज्वाइंट डायरेक्टर श्री आर डी श्रीवास्तव आ गए थे । वह प्रशासन तथा आई सी डी एस देख रहे थे । मुझे महिला एवं बाल कल्याण के अतिरिक्त ओल्ड एज पेंशन, वेलफेयर आए डिसेबल आदि कार्य दिया गया । मैं इस विभाग में लगभग 4 साल रहा । यह विभाग यद्यपि लो प्रोफाइल का है परंतु यहां काम अत्याधिक और भिन्न–भिन्न है । पूरे दिल्ली में कई कामप्लेस तथा छोटे–छोटे कार्यालय और चिल्ड्रेन होम फैले हुए हैं । विभाग में इतने विषय है कि बाद में महिला एवं बाल विकास केंद्रीय सरकार के स्कीम के मुताबिक समाज कल्याण से निकलकर अलग विभाग बन गया । समाज कल्याण विभाग में बालक एवं बालिकाओं के लिए उम्र के अनुसार अलग– अलग होम हैं। यहां उनके सर्वागीण विकास एवं शिक्षा का प्रबंध किया जाता है ष्ठ इनके कुछ होम कस्टोडियल और बाकी नॉन कस्टोडियल हैं । कस्टोडियल मे वे बच्चे होते हैं जो कोई क्राइम (आई पी सी) के अनुसार कर रखी है। बालकों के होम दिल्ली में कई जगह हैं परंतु बालिकाओं और महिलाओं के अधिकांश होम हरी नगर, जेल रोड के बड़े से निर्मल छाया के बड़े कॉन्प्लेक्स में हैं । नॉन कस्टोडियल होम के बच्चियां बच्चे जब पढ़ लिखकर 18/21 वर्ष के पार हो जाते हैं तो इनको आफ्टर केयर होम (अभय आश्रम) में रख लिया जाता है । इनको जीवन में आगे बढ़ने के लिए नौकरी रोजगार आदि का प्रयास किया जाता है । इनका स्किल डेवलपमेंट भी कराया जाता है । लड़कियों का आफ्टर केयर होम (अभय आश्रम) निर्मल छाया कॉन्प्लेक्स में ही स्थित है । इन लड़कियों का विवाह कराना भी विभाग की स्कीम में है ।इसके लिए एक कमेटी ज्वाइंट डायरेक्टर महिला कल्याण की अध्यक्षता में होती है जिसके सदस्य डिप्टी डायरेक्टर वुमन वेलफेयर तथा लड़कियों के आफ्टर केयर होम के सुपरिटेंडेंट सदस्य होते हैं । मेरी अध्यक्षता भी कमेटी में मिसेज वानखेडे डी.डी. मिसेज भटनागर होम सुपरिटेंडेंट सदस्य थी । यह दोनों लोग विभाग के ही अधिकारी थे । शादी लायक लड़कियों के लिए विज्ञापन द्वारा आवेदन मंगाई जाती है । इच्छुक प्रार्थीयों का इंटरव्यू लिया जाता है तथा मेडिकल एग्जामिनेशन कराया जाता है। इनके सगे संबंधी एवं रिश्तेदारों से बात की जाती है और लड़की की इच्छा ली जाती है । सब ठीक होने पर निदेशक महोदय से स्वीकृति ली जाती है । इस प्रकार कुछ शादियां पक्की हो जाती है तो प्रत्येक वर्ष निर्मल छाया कंपलेक्स में शादी कराई जाती है । मेरे कार्यकाल में लगभग बीस सामूहिक शादियां हुई । एक शादी समारोह की कुछ फोटो है । उसमें हमारी मिसेज भी गई थी । शादी समारोह की कुछ फोटो निम्न है।

इस संबंध में एक घटना याद कर के मन में प्रसन्नता होती है तथा संतोष मिलता है । 1993 के सितंबर में अपनी माताजी को लेकर बनारस बड़े भाई साहब के पास जा रहा था । ट्रेन भोर में ही पहुंच गई । मां को ट्रेन से उतारना तथा उनका एक छोटा ट्रंक और मेरी अटैची संभालनी थी ष्ठ सवेरे सवेरे कोई कुली नहीं मिला । दिक्कत हो रही थी ।उसी समय मैंने देखा कि सामने बर्थ पर एक कपल मुझे देख कर मुस्कुरा रहे थे । मैंने उनसे जानना चाहा कि क्या बात है, उन्होंने उत्तर में पूछा कि आप आर एल श्रीवास्तव जी हैं, मेरे हाँ कहने पर उन्होंने फिर पूछा कि आप समाज कल्याण विभाग दिल्ली में जॉइंट डायरेक्टर हैं । मेरे फिर हां कहने पर उन्होंने कहा सर आपने हम दोनों की शादी कराई थी । हम लोग बनारस दर्शन के लिए आए हैं । उनसे बातें सुनकर बड़ी प्रसन्नता हुई ष्ठ उनके सहयोग से मैंने मां तथा सामान को नीचे उतारा ।

# जनपदों में होंगे मुख्यमंत्री आपदा सुरक्षा सम्मेलन

लखनऊ। आपदाओं से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए सीएम योगी गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बाढ़, भूकंप, आकाशीय बिजली समेत अन्य आपदाओं के प्रति पूरे प्रदेश को जागरूक करने की जरूरत पर बल दिया है। इसके लिए सीएम ने प्रत्येक जनपद में मुख्यमंत्री आपदा सुरक्षा सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।साथ ही सीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा से संबंधित अलर्ट को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है की प्रदेश में प्रतिवर्ष लोगों को आपदाओं के प्रति आगाह और जागरूक किया जाता है। इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सेंटर के माध्यम से जनपदों, तहसील और ब्लॉक स्तर पर मौसम की जानकारी दी जाती है। सीएम ने पूरे प्रदेश में इस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के आदेश दिए हैं।

#### आपदा में राहत कार्यों के लिए किया जाएगा प्रशिक्षित

प्रदेश के आपदा आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि सीएम ने निर्देश दिए हैं कि आपदा के प्रति जागरूकता को लेकर अच्छा कार्य किया जा रहा है और इससे पूरे प्रदेश को कवर किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया की सीएम ने निर्देश दिया है की सभी जनपदों में स्थापित इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को सेफ सिटी के अंतर्गत स्थापित ICCC से इंटीग्रेटेड किया जाना चाहिए। समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं प्राइमरी स्कूल के प्रधानाचार्यों को राहत कार्यों के बारे जागरूक और प्रशिक्षित करने के लिए जनपद स्तरीय मुख्यमंत्री आपदा सुरक्षा सम्मेलन आयोजित किया जाए। इसमें सिर्फ सरकारी विद्यालय ही नहीं बल्कि निजी विद्यालय, एनसीसी, एनएसएस महिला मंडल, स्काउट गाइड एवं अन्य स्वयंसेवकों को भी शामिल किया जाएगा। ये सभी अपने विद्यालयों व संस्थानों में अन्य लोगों को प्रशिक्षित करेंगे।

सीएम योगी ने ये भी निर्देश दिया की शहरों की तरह गांवों में भी मौसम का अलर्ट मिलना चाहिए। इसके लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीडीए) का उपयोग करना चाहिए। राहत आयुक्त ने बताया की शहरों में म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के माध्यम से इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम दिए जाने की व्यवस्था है। राहत आयुक्त कार्यालय से एपीआई के माध्यम से जनपद स्तर पर अलर्ट भेजा जाता है, जहां से तहसील और ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों को रियल टाइम वॉइस मैसेज व एसएमएस भेजने की सुविधा है।

# अविश्वास प्रस्ताव पर गुरुवार से हो चर्चा शुरु : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव अकेले कांग्रेस लेकर नहीं आई बल्कि यह इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों की ओर से लाया गया एक सामूहिक प्रस्ताव है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इस पर गुरुवार से ही चर्चा आरंभ करवानी चाहिए।

कांग्रेस के लोकसभा सदस्य मनीष तिवारी ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि 84 दिन से मणिपुर जल रहा है और वहां के हालात बहुत खराब हो चुके हैं इसलिए इसलिए मोदी सरकार के ख़िलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव लाने की ज़रूरत महसूस हुई है।

उनका कहना था कि इंडिया गठबंधन नियम 198 के तहत अविश्वास प्रस्ताव लाया है और इस पर होने वाली चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देना चाहिए।

उन्होंने कहा, मणिपुर में पिछले 84 दिन से हालात बेहत ख़राब हो गये हैं और क़ानून–व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। राज्य में समुदायों में बंट गया है और उनके बीच जातीय संघर्ष चल रहा है। वहां सरकार जैसी कोई चीज़ नहीं है। राज्यपाल अपने पास उपलब्ध संवैधानिक साधनों का उपयोग नहीं कर रही हैं।

# विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने मुख्य सेविका पद पर चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

**सोनभद्र** । बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में कार्यरत आगनवाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर चयनित अभ्यर्थियों को विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य व ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत ने नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया कलेक्ट्रेट सभागार में ।



विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने आगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर चयनित 5 महिला अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते अतिशय शुभकामनाएं दीं तथा उनके सुखद भविष्य की संकल्पना की। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही हर्षोल्लास से आप्लावित हुई भावभंगिमा मुख्य सेविकाओं व परिजनों की। पांच मुख्य सेविकाओं में शामिल रहीं शकुन्तला देवी, बीना कुमारी, लालती देवी, देवन्ती और लीलावती जिन्हें मिले नियुक्ति पत्र।

विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने अपने प्रभावोत्पादक उद्बोधन में सभी के ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक पद के दायित्व का निर्वहन करने की अपेक्षा की तथा विधायक घोरावल ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आज प्रदेश के सभी जनपदों में आगनवाड़ी कार्यकर्त्री से मुख्य सेविका पद पर चयनित समस्त अभ्यर्थियों को सम्बंधित जनपद मुख्यालयों पर नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। आँगनबाड़ी से सुपरवाइजर पद का दायित्व निर्वहन के नियुक्ति पत्र पाने पर इनके चेहरों पर खिली खुशियों की झलक स्पष्ट दिखी।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, मण्डल अध्यक्ष राहुल पटेल, कृष्णा पटेल, सी0 डी0 पी0 ओ0 घोरावलबसहित मुख्य सेविका एवं आगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का समूह उपस्थित रहा।

# बच्चों मे सामाजिक व व्यवहारिक बदलाव पर बाल हितधारकों को दिया गया प्रशिक्षण : सुधांशु शेखर शर्मा



#### दुद्धी ब्लॉक सभागार में शिविर आयोजित हुआ

सोनभद्र । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के आदेश अनुक्रम में नोडल जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र द्वारा विकास खण्ड दुद्धी के सभागार मे एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की गई आयोजित।

प्रशिक्षण का कुशल व सफल संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे ने किया। प्रशिक्षण के संबंध में बृहत्तर परिचर्चा की गई और समाज के प्रति कर्मनिष्ठा, सेवा की संचरित भावना तथा व्यवहारिक जगत में समष्टि हित की कामना विषयक विशद आख्यान दिए। मौके पर उपस्थित कुल 42 हित धारकों को बच्चो में सामाजिक व व्यवहारिक बदलाव (एसबीसीसी), बाल विवाह , बाल तस्करी , बाल भिक्षावृत्ति, बाल यौन उत्पीडन एवं बाल श्रम रोकथाम व नियंत्रण पर भी प्रभावी प्रकाश डाले गए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी दुद्धी राम कुमार द्वारा बालश्रम पर रोकथाम एवं प्रभावी अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्य विधियों पर चर्चा की गई तथा बताया गया यदि कोई बालक या बालिका जिसके अभिभावक, माता–पिता में से कोई एक या दोनों नहीं है उसे शिक्षा के लिए ₹1000 प्रतिमाह सरकार द्वारा शिक्षा सहायता दी जायेगी। संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक ने बाल भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति पर समाज की संचेतना जागृत करने एंव उसके रोकथाम के संबंध में सुविस्तीर्ण परिज्ञानकराया अपने उद्बोधन में उपस्थित जनसमुदाय को।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजन चौधरी ने बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम विषयक संदर्भ पर प्रासंगिक परिचर्चा करते हुए बताया कि यदि कोई नाबालिक लड़का या लड़की की शादी करता है या शादी में उपस्थित रहता है तो वह सभी अपराधी होंगे। बाल विवाह के विविध बिंदुओ पर विश्लेषणात्मक कथोपकथन कहते हुएरोकथाम के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की। थाना एएचटीयू से अमन द्विवेदी द्वारा मानव तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान एवं गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी को प्रशिक्षित किया गया। विशेष किशोर पुलिस इकाई से मंजीत पटेल द्वारा पाक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में ग्राम स्वराज समिति द्वारा बाल विवाह, बाल तस्करी आदि की रोकथाम की शपथ दिलाई गई ।

मौकेपर थाना एचटीयू से उप निरीक्षक हरिदत्त पाण्डेय, जिला बाल संरक्षण समिति के सदस्य धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, थाना दुद्धी से महिला आरक्षी आरती वर्मा, ग्राम स्वराज समिति दुद्धी के सचिव महेशानन्द, परियोजना कार्यालय से मुख्य सेविका चंद्रावती देवी, सुधा अंजुला रानी, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री व ग्राम प्रधान तथा स्वैच्छिक संगठन के लोग मौजूद रहे।

# मानसिक विकारों के उपचार की उपलब्धता और पहुंच को बढ़ावा

नयी दिल्ली( केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने बुधवार को कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य का अभिन्न अंग है क्योंकि यह जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करता है।

डॉ. पवार ने यहां, संस्थानों की सीमाओं से परे मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का बहुत महत्व है। मानसिक विकार संबंधी लांछन को दूर करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।यह जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता प्राप्त करने से रोकता है ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन– एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा भी उपस्थित थे। सम्मेलन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 के कार्यान्वयन में चुनौतियों पर चर्चा करना और मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान पर आगे बढ़ने के तरीके पर विचार–विमर्श करना रहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मानसिक स्वास्थ्य को बहुत महत्व दिया गया है,जो ऐतिहासिक मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 के पारित होने से प्रदर्शित होता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सामान्य मानसिक विकारों के किफायती उपचार की उपलब्धता और पहुंच को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया गया है।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने कहा कि 10 में से एक व्यक्ति एक या विभिन्न प्रकार के मानसिक विकारों से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, सार्वजनिक नीति और सामाजिक सहायता प्रणालियों से जुडे एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता हैं।

# रक्षा क्षेत्र में सह उत्पादन की संभावनाओं का पता लगायेंगे भारत और आस्ट्रेलिया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली ।** भारत और आस्ट्रेलिया ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के साथ साथ रक्षा क्षेत्र में सह विकास और सह उत्पादन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की है।

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आस्ट्रेलिया के कैनबरा में सोमवार तथा मंगलवार को आठवीं रक्षा नीति वार्ता में दोनों पक्षों ने इस बारे में गहन विचार विमर्श किया। रक्षा मंत्रालय में विशेष सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा तथा आस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय में कार्यवाहक उप सचिव स्टीवन मूरे ने वार्ता की सह अध्यक्षता की।दोनों पक्षों ने रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और इसे अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर बातचीत की। इसके अलावा बातचीत में रक्षा क्षेत्र में उपकरणों के सह विकास और सह उत्पादन के तरीकों का पता लगाने पर भी जोर दिया गया। दोनों देशों ने परस्पर विश्वास और समझ के आधार तथा साझा हितों को ध्यान में रखते हुए व्यापक सामरिक साझेदारी को पूरी तरह लागू करने के बारे में भी प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत ने आस्ट्रेलिया के साथ पोत निर्माण और उनेक रख रखाव के क्षेत्र में भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमताओं का उल्लेख किया। भारत और अमेरिका के बीच जून 2020 से व्यापक सामरिक साझेदारी है और रक्षा उसका महत्वपूर्ण स्तंभ है। दोनों देशों की साझेदारी मुक्त, खुले , समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र के बारे में दोनों देशों के समान दृष्टिकोण पर आधारित है।

वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों के बीच सितम्बर 2021 में हुई पहली टू प्लस टू वार्ता के परिणामों की भी समीक्षा की गयी।

दोनों देशों ने जल सर्वेक्षण समझौते को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमति व्यक्त की। उन्होंने साझा हितों के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

# शीघ्र सुनवाई, त्वरित न्याय की दिशा में काम करें कानून क्षेत्र के पेशेवर : मुर्मू

नयी दिल्ली / कटक, 26 जुलाई (वार्ता) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए विधि क्षेत्र के पेशेवरों (अधिवक्ताओं) से बुधवार को अपील की कि वे अदालती मामलों की त्वरित सुनवाई और शीघ्र न्याय की दिशा में काम करें।

उन्होंने कहा कि वंचितों को न्याय कैसे मिले इस बात पर मंथन करने की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने कहा कि न्यायालयों में त्वरित सुनवायी और फैसलों में शीघ्रता से ऐसे निर्दोष बंदियों को मुक्ति मिल सकती है जो छोटे–मोटे आरोप के आधार पर लंबे समय से जेल में बंद हैं। श्रीमती मुर्मू कटक में ओडिशा उच्च न्यायालय के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में साल भर चले समारोहों के समापन कार्यक्रम में शामिल हो रहीं थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे उदाहरण हैं कि लोगों को उन अपराधों के लिए निर्धारित सजा से अधिक समय तक जेल में रखा गया, जिनके लिए उन पर आरोप लगाया गया था। इसके कारण निर्दोष व्यक्ति अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय गंवा देते हैं। दूसरी ओर, अपराध पीड़ित भी देखते हैं कि दोषियों को कानूनी सजा नहीं मिली है तो वे उम्मीद खो देते हैं।इस तरह न्याय में देरी एक बड़ी चिंता का विषय है।

उन्होंने ओडिशा उच्च न्यायालय से जुड़े सभी लोगों से शीघ्र न्याय प्रदान करने की दिशा में काम करने और पूरे देश के लिए एक उदाहरण स्थापित करने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि समाज के



वंचित वर्ग के लोगों के पास न्याय तक पहुंचने के लिए न तो अधिक ज्ञान है और न ही उनके पास संसाधन हैं। अत: हमारे सामने यह प्रश्न है कि 'उन्हें न्याय कैसे मिलेगा?' इस प्रश्न पर गहन मंथन की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में कानूनी पेशे ने नागरिकों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक के रूप में मजबूत है। उन्होंने कई आधुनिक, नवीन और प्रौद्योगिकी–संचालित परिवर्तनों के माध्यम से न्याय वितरण प्रणाली को सुव्यवस्थित और तेज करने के लिए ओड़िशा उच्च न्यायालय की सराहना भी की।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरुआत कारगिल के शहीदोंको श्रद्धांजलि अर्पित करके की। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वालों में ओडिशा के भी कई सैनिक शामिल हैं। मेजर पद्मपाणि आचार्य को उनके योगदान के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि इन सैनिकों की बहादुरी हमारे नागरिकों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

मुर्मू ने कहा कि ओडिशा उच्च न्यायालय ने 75 वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा में कई उच्च मानदंड स्थापित किए हैं। इस उच्च न्यायालय के दिग्गजों में बाबू जगन्नाथ दास, रंगनाथ मिश्रा, राधा चरण पटनायक, देबा प्रिया महापात्र, गोपाल बल्लभ पटनायक, अरिजीत पसायत, अनंग कुमार पटनायक और दीपक मिश्रा जैसे न्यायाधीशों की एक लंबी सूची शामिल है जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने और उनमें से कुछ ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस न्यायालय की प्रतिष्ठा के पीछे इस उच्च न्यायालय के पूर्व और वर्तमान मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों का योगदान, निष्ठा, काम के प्रति समर्पण और वृहद ज्ञान है।